हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 6, अंकः 284, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 3 अप्रैल, 2022 दिन रविवार | गाजीपुर/वाराणसी

## यूपी बोर्ड पेपर आउट केस : बलिया में मास्टरमाइंड समेत 10 गिरफ्तार

### छात्रों को पास कराने का ठेका लेने का भी आरोप प्रिंसिपल चौहान पर लगा



लखनऊ। यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट परीक्षा में अंग्रेजी का पेपर लीक होने के मामले में एसटीएफ की ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी है। पेपर लीक मामले में पुलिस ने शनिवार को भीमपुरा के कॉलेज के प्रिंसिपल आनंद चौहान उर्फ मुलायम समेत 10 लोगों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। पुलिस के मुताबिक मुलायम पर टैम्पर प्रूफ पैकिंग खोलकर पेपर आउट करवाने का आरोप है। वहीं छात्रों को पास करवाने का ठेका लेने का भी आरोप भीमपुरा के कॉलेज के प्रिंसिपल आनंद चौहान उर्फ मुलायम पर लग रहा है। इस पूरे मामले में बलिया पुलिस प्रेस कांफ्रेंस कर खुलासा करेगी। इससे पहले डीआईओएस ब्रजेश मिश्रा समेत 17 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था।

बुधवार को दूसरी पाली में इंटरमीडिएट इंग्लिश का पेपर होना था। लेकिन परीक्षा से पहले ही दोपहर 12 के करीब बलिया में पेपर लीक हो गया। जिसके बाद 24 जिलों में परीक्षाएं रद्द कर दी गई। अब इन जिलों में 13 अप्रैल को इंग्लिश की परीक्षा फिर से आयोजित होगी। उधर, पेपर लीक के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी एक्शन मोड में दिखे। मुख्यमंत्री ने एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाई थी। इस बैठक में उन्होंने सभी 24 जिलों के डीएम से रिपोर्ट तलब किया था। साथ ही अधिकारीयों को निर्देश दिया है कि दोषी पाए जाने वाले आरोपियों पर रासुका के तहत कार्रवाई की जाए। उधर माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने भी पेपर लीक मामले में कड़ी कार्रवाई की बात कही है। बेसिक शिक्षा निदेशक विनय कुमार पांडेय ने बताया कि बुधवार को इंटरमीडिएट की द्वितीय पाली में अंग्रेजी विषय की परीक्षा प्रस्तावित थी। इसी बीचबलिया में 316ईडी और 316 ईआई सीरीज का प्रश्न पत्र लीक होने के साथ ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इन्हीं दोनों सीरीज के प्रश्न पत्रों से 24 जिलों के 2200 केंद्रों पर अंग्रेजी की परीक्षा होनी थी। पेपर लीक होने की सूचना मिलते ही माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी के निर्देश पर 24 जिलों की परीक्षा निरस्त कर दी गई। अब इन 24 के 2200 केंद्रों पर 13 अप्रैल को दुबारा परीक्षा कराई जाएगी।

### देश के कई हिस्सों में इस समय झेलना पड़ रहा है गर्मी का प्रकोप

चंडीगढ़। देश के कई हिस्सों में इस समय गर्मी का प्रकोप देखने को मिल रहा है। हरियाणा में पिछले कुछ दिनों से लगातार गर्म हवाओं का दौर जारी है। इस कारण हरियाणा में सभी जगहों पर तापमान आसमान छू रहा है। आईएमडी के अनुसार आने वाले दिनों में हरियाणा में लू चलेगी। इस कारण सभी जगह तापमान में वृद्धि होगी और लोगों को इससे खासी परेशानी हो सकती है। प्रति चक्रवातीय सकुर्लेशन के कारण भारत के अधिकांश हिस्सों में तापमान में बढ़ोत्तरी हो चुकी है। हरियाणा, दिल्ली एनसीआर, राजस्थान, मध्यप्रदेश समेत कई राज्य गर्म हवाओं की चपेट में हैं। मौसम विभाग की जानकारी के अनुसार आने वाली छह अप्रैल तक हरियाणा में शुष्कता बनी रहेगी। इसक कारण औसम अधिकतम तापमान 40 डिग्री के आस पास रहेगा। इसके अलावा न्यूनतम तापमान भी 21 से 22 डिग्री के बीच रहेगा।

### वडगाम के पूर्व विधायक भाजपा में शामिल होंगे, पहले की थी पीएम मोदी से मुलाकात

अहमदाबाद। बनासकांठा जिले की वडगाम विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के पूर्व विधायक मणिभाई वाघेला भाजपा में शामिल होंगे भाजपा में शामिल होने से पहले मणिभाई वाघेला ने दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की है पूर्व विधायक मणिभाई वाघेला ने नवंबर 2021 में कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया थो 35 वर्षों तक कांग्रेस में सेवा करनेवाले पूर्व विधायक और उत्तर गुजरात के दिग्गज नेता मणिभाई वाघेला ने भाजपा का भगवा धारण करने की तैयारी कर ली है मणिभाई के राजनीतिक अनुभव की बात करें तो उन्होंने तहसील स्तर से लेकर जिला स्तर तक कांग्रेस की सेवा की है वर्ष 2012 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के कैबिनेट मंत्री को हराकर विधायक बने थे दलबदल की मौसम के दौरान भी कांग्रेस से मजबूती के साथ जुड़ने रहने वाले मणिभाई वाघेला से केन्द्रीय नेतृत्व ने प्रभावित होकर उन्हें दिल्ली बुलाकर सम्मान किया थो कांग्रेस ने वर्ष 2017 के चुनाव में वाघेला को वडगाम से दोबारा टिकट देने का वादा किया थो लेकिन बाद में उन्हें टिकट नहीं दी। इसके बावजूद वाघेला पार्टी के प्रति वफादार रहे और वडगाम से निर्दलीय उम्मीदवार जिग्नेश मेवाणी का समर्थन कियो लगातार अवगणना से नाराज होकर नवंबर 2021 को मणिभाई वाघेला ने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था और वह जल्द ही भाजपा में शामिल हो जाएंगे।

## भारत-नेपाल में सौर परियोजना को लेकर हुआ बड़ा समझौता

### पीएम मोदी बाले-पड़ोसी देश की शांति और समृद्धि के लिए हमेशा देंगे साथ

नई दिल्ली। तीन दिवसीय यात्रा पर शुक्रवार को भारत पहुंचे नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा ने आज हैदराबाद हाउस में पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। दोनों नेताओं की बैठक के दौरान सौर परियोजना को लेकर एक बड़ा समझौता भी हुआ। बैठक के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि हमने नेपाल की जलविद्युत विकास परियोजनाओं में भारतीय कंपनियों की अधिक भागीदारी पर भी सहमति व्यक्त की है और अब नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन का सदस्य बन गया है। पीएम ने आगे कहा कि इस समझौते के तहत नेपाल अपनी अतिरिक्त बिजली भारत को निर्यात कर रहा है और यह नेपाल के आर्थिक विकास में सकारात्मक योगदान देगा।

पीएम मोदी ने अपने संबोधन में देउबा की तारीफ करते हुए कहा कि वे भारत के पुराने मित्र हैं और उन्होंने भारत-नेपाल संबंधों को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पीएम ने कहा कि भारत नेपाल की शांति, समृद्धि और विकास की यात्रा में एक दृढ़ साथी रहा है और आगे भी हमेशा रहेगा। बैठक को संबोधित करते हुए नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा ने कहा कि दोनों नेताओं में भारत-नेपाल संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर मैत्रीपूर्ण बातचीत और उपयोगी चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में दोनों देशों में मैत्रीपूर्ण संबंध और मजबूत होंगे और बैठक में इसपर विचार भी साझा किए गए हैं। देउबा ने इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व की भी



प्रशंसा की और भारत की ओर से कोरोना महामारी के दौरान प्राथमिक वैक्सीन सहायता और दवाएं, चिकित्सा उपकरण पाने के लिए धन्यवाद भी दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके नेपाली समकक्ष ने इस बैठक में संयुक्त रूप से भारत की अनुदान सहायता के तहत निर्मित जयनगर (भारत) और कुर्था (नेपाल) के बीच सीमा पार यात्री ट्रेन सेवाओं का उद्घाटन भी किया। इसी के साथ उन्होंने भारत सरकार की क्रेडिट लाइन के तहत निर्मित नेपाल में सोलू कॉरिडोर 132 केवी पावर ट्रांसमिशन लाइन और सबस्टेशन और नेपाल में भारत की स्वदेशी भुगतान प्रणाली पर आधारित रुपे कार्ड भी लांच किया। पीएम मोदी ने कहा कि नेपाल में रुपे कार्ड का शुभारंभ दोनों देशों की वित्तीय कनेक्टिविटी में एक नया अध्याय जोड़ेगा। बता दें कि नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा ने पीएम मोदी से मिलने से पहले राजघाट पर पुष्पांजलि अर्पित की और महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि भी दी। गौरतलब है कि देउबा इससे पहले विदेश मंत्री एस जयशंकर और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी मुलाकात कर चुके हैं।

## हथियारों के लिए दूसरों के भरोसे नहीं रह सकता भारत, बनना होगा आत्मनिर्भर - राजनाथ सिंह

हैदराबाद। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को हैदराबाद में चेतक हेलीकाप्टरों के डायमंड जुबली के मौके पर आयोजित समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा, पिछले कुछ वर्षों की घटनाओं को देखते हुए हमारी सरकार ने डिफेंस प्रोडक्शन में आत्मनिर्भरता पर बल दिया है। अतीत में हम डिफेंस प्रोडक्शन के क्षेत्र में अपेक्षित गति से आगे नहीं बढ़ पाए।' रक्षा मंत्री ने आगे कहा, 'हमें रक्षा के क्षेत्र में अपने कंधों को मजबूत करना होगा। रक्षा क्षेत्र में अपनी जरूरतों के लिए दूसरे देशों पर निर्भर नहीं रह सकते हैं। अब तक भारत ने केवल सभ्यतागत मूल्यों, शांति और सच्चाई के लिए हथियार उठाए हैं। भारत की मंशा कभी किसी के खिलाफ हमले की नहीं रही है। इसस पहले रक्षा मंत्री ने कहा कि



देश ने अतीत में रक्षा उत्पादन क्षेत्र में प्रगति नहीं की और दूसरे देशों पर अपनी रक्षा जरूरतों के लिए आश्रित रहे। रक्षा मंत्री ने भारत ने हेलीकाप्टरों के डिजायन, डेवलपमेंट और आपरेशन में मजबूती हासिल कर ली है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि वैश्विक नेता बनने के क्रम में 10 टन के भारतीय मल्टीरोल हेलीकाप्टर के डिजाइन को बेहतर बनाने की जरूरत है। डायमंड जुबली समारोह में रक्षा मंत्री ने बताया कि किए गए आकलन के अनुसार 1000 Civilian हेलीकाप्टरों की जरूरत है और इतनी ही संख्या में मिलिट्री सेक्टर में हेलीकाप्टरों की जरूरत है। रक्षा मंत्री ने कहा, 'महाराणा प्रताप के वफादार व भरोसेमंद घोड़े की तरह ही चेतक हेलीकाप्टरों ने भी दशकों तक युद्ध व शांति में हमारे देश की सेवा की है।' चेतक हेलीकाप्टरों के डायमंड जुबली कान्क्लेव में रक्षा मंत्री ने कहा इस मंच से मैं सभी कर्मवीरों को नमन करता हूं साथ ही देशवासियों को विश्वास दिलाता हूं कि रक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसे सुनिश्चित करने के लिए हम पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।

## सीएचएस प्रवेश परीक्षा बहाली के लिए एनएसयूआई ने खोला मोर्चा



प्रखर वाराणसी। सेंट्रल हिंदू स्कूल में दाखिले के लिए लॉटरी सिस्टम के विरोध में एनएसयूआई बीएचयू इकाई के कार्यकताओं ने वीसी कार्यालय पर विरोध जताकर एक ज्ञापन सौंपा और 48 घंटे के भीतर सीएचएस प्रवेश परीक्षा को पुनः बहाल किए जाने और पूर्व कुलपति प्रो जीसी त्रिपाठी के समय शुरू हुए एडमिशन के 'कुलपति कोटा' और पेड कोटा जैसे असंवैधानिक व अलोकतांत्रिक प्रणाली को भी समाप्त करने की मांग की और मांग पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। छात्रों ने बताया कि इस तरह की प्रणाली सीएचएस प्रवेश प्रक्रिया की विश्वसनीयता और प्रतिष्ठा पर सवालिया निशान खड़ा करती है, प्रशासन छात्रों का भविष्य जुए में दांव पर नहीं लगा सकता। इस तरह की खोखली और भ्रष्ट प्रणाली को खत्म किया जाना चाहिए जिससे कि प्रवेश प्रक्रिया में पारदर्शिता आए। इस दौरान डॉ विकास सिंह, रोहित कुमार, वंदना उपाध्याय, अभिनव मणि त्रिपाठी, हर्ष त्रिपाठी, शंभू कन्नौजिया, जय प्रकाश, पंकज, उमेश यादव, ओमप्रकाश सिंह, शांतनु, प्रियेश, नीरज, गौरव चंदेल आदि मौजूद रहे।

## यूपी में फिर एक्टिव एंटी रोमियो स्क्वाड, सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर ले रहा छात्राओं से फीडबैक

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने दूसरे कार्यकाल में छात्राओं तथा बालिकाओं से होने वाली छेड़छाड़ व अभद्रता के मामलों पर इस बार भी बेहद गंभीर है। सीएम पद की शपथ लेने के बाद शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक के बाद शुक्रवार को भी गृह विभाग की बैठक में उन्होंने साफ कहा है कि उत्तर प्रदेश में मनचलों के साथ जरा भी भी ढिलाई ठीक नहीं है। इसके बाद उनके निर्देश पर एंटी रोमियो स्क्वाड को फिर से सक्रिय कर दिया गया है। सभी जिलों में इस स्क्वाड से जुड़े पुलिस अधिकारी लड़कियों के स्कूल जाकर उनकी परेशानी पूछ रहे हैं, उनका फीडबैक ले रहे हैं। उत्तर प्रदेश में मनचलों की जरा सा भी खैर नहीं है। सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद प्रदेश में एक बार फिर से एंटी रोमियो स्क्वाड एक्टिव हो गया है। मनचलों को स्कूल, कालेज या फिर किसी भी स्थान पर देखते ही पुसिलकर्मी



एक्टिव मोड में आ जाएंगे। चैत्र नवरात्रि के पहले ही दिन पुरे प्रदेश में मिशन शक्ति के तहत एंटी रोमियो एस्कॉर्ट चल रहा है। लखनऊ में तो डीसीएपी नार्थ एस चिनप्पा ने फोर्स के साथ यह अभियान चलाया है। इस दौरान एंटी रोमियो स्क्वाड ने आइटी कालेज तथा करामत गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं से फीड बैक लिया। इसी तरह से नेशनल पीजी कालेज तथा चारबाग में खालसा कालेज की छात्राओं से भी परेशानी का कारण पूछा गया है। पुलिस अफसरों ने बड़ी संख्या में छात्राओं के साथ बात भी की और उनके कालेज के बाहर खड़े कुछ युवकों से भी पूछताछ की गई। इसके बाद एंटी रोमियो स्क्वाड लखनऊ के नेशनल पीजी कॉलेज में भी गया। और वहां भी डीसीपी,एडीसीपी ने छात्राओं के साथ संवाद किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश में किसी भी महिला या फिर युवती व बालिका से अभद्रता या छेड़छाड़ को लेकर बेहद गंभीर है। दूसरी बार प्रदेश की सत्ता संभालने के बाद शीर्ष अफसरों को उन्होंने अपनी वरीयता भी बता दी है।

## झूठी शान की खातिर हत्या को हल्के में नहीं लिया जा सकता : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह झूठी शान की खातिर की गई हत्या (ऑनर किलिंग) के मामले को हल्के में नहीं लेगा। साथ ही, एक महिला की उस याचिका पर उत्तर प्रदेश सरकार से जवाब मांगा, जिसने मामले में अपने चाचा की जमानत रद्द करने का आग्रह किया है। दरअसल, महिला के अंतर-जातीय विवाह करने पर पिछले साल उसके पति की हत्या की साजिश में उसका चाचा कथित रूप से संलिप्त था। राज्य सरकार और अन्य को नोटिस जारी करने से पहले जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ और जस्टिस सूर्यकांत की पीठ ने दीप्ति मिश्रा की ओर से पेश अधिवक्ता एमएस आर्य से कड़े सवाल किए। दीप्ति के पति की पिछले साल कथित तौर पर हत्या कर दी गई थी। पीठ ने कहा कि प्राथमिकी में महिला के चाचा के खिलाफ कोई विशेष आरोप नहीं थे, जिसमें केवल यह कहा गया था कि उसने शादी का विरोध किया था। अधिवक्ता ने कहा कि दीप्ति के चाचा मणिकांत मिश्रा और उनके दो बेटे हमले में शामिल थे तथा पूर्व में भी ऐसी (हमले की) घटनाएं हो चुकी थीं, जिस पर महिला के पति द्वारा कई शिकायतें दर्ज कराई गई थीं। पीठ ने कहा, 'यह झूठी शान की खातिर हत्या का मामला है और हम इसे हल्के में नहीं लेते।'' हालांकि, न्यायालय ने कहा, 'क्या हमें इस याचिका पर केवल इस आधार पर विचार करना चाहिए कि प्रतिवादी नंबर दो (मणिकांत मिश्रा) ने शादी का विरोध किया था। कोई विशेष आरोप नहीं है। प्राथमिकी में यह नहीं कहा गया है कि वह घटना के समय वहां मौजूद था या वह साजिशकर्ता था। सुप्रीम कोर्ट ने शुरू में कहा कि वह इसमें हस्तक्षेप नहीं करेगी लेकिन आर्य ने पीठ को मनाने की कोशिश की और हत्या की घटना से ठीक पहले धमकी और हमले की घटनाओं की महिला के पति (मृतक) द्वारा सूचना दिए जाने को रेखांकित किया। पीठ ने कहा, 'ठीक है, हम नोटिस जारी करेंगे।

## बीजेपी-शिवसेना में खुन्नस : केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई से नाराज संजय राउत बोले - महाराष्ट्र पुलिस कार्रवाई करें

मुंबई। महाराष्ट्र में कभी सहोदर रही भारतीय जनता पार्टी और शिवसेना के बीच खुन्नस बढ़ती जा रही है। केंद्रीय एजेंसियां जहां शिवसेना और कांग्रेसी नेताओं के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रही है वहीं अब महाराष्ट्र पुलिस बीजेपी नेताओं के खिलाफ ऐक्शन लेगी। शिवसेना ने महाराष्ट्र के गृह विभाग से कहा है कि भाजपा नेताओं के खिलाफ जितने भी मामले दर्ज हैं उस पर सख्त कार्रवाई की जाए। शिवसेना प्रवक्ता संजय राउत ने कहा कि अगर महाराष्ट्र पुलिस को गृह विभाग से उचित आदेश मिलते हैं, तो मुझे लगता है कि बेहतर परिणाम सामने आएंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के साथ मेरी बातचीत के दौरान, मैंने कहा है कि राज्य में केंद्रीय एजेंसियां जिस तरह से जांच कर रही हैं यह महाराष्ट्र के गृह विभाग की शक्तियों पर अतिक्रमण है। मजबूत कदम उठाने होंगे या आप हर दिन खुद के लिए एक नया खुदा हुआ गड्ढा देखेंगे। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के दिलीप वलसे पाटिल गृह मंत्री हैं। संजय राउत के बयान से साफ है कि शिवसेना महाराष्ट्र में भाजपा नेताओं के खिलाफ मामलों में कार्रवाई न होने पर मंत्रालय से नाराज है। एमवीए में सब कुछ ठीक नहीं होने की अटकलों के बाद, मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने एक बयान जारी किया कि उनके गृह मंत्री से नाराज होने की खबरें झूठी हैं और उन्हें मंत्री पर पूरा भरोसा है। वह अच्छा काम कर रहे हैं।



मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को राज्य के गृहमंत्री पाटिल के साथ बैठक की। उन्होंने वित्तीय अनियमितताओं की शिकायतों पर भाजपा नेताओं के खिलाफ कार्रवाई में दिलचस्पी न लेने का मुद्दा उठाया। बैठक के तुरंत बाद पाटिल ने डीजीपी रजनीश सेठ से मुलाकात की और उसके बाद उन्होंने मुख्यमंत्री के साथ एक और बैठक की। पाटिल ने दावा किया कि बैठकें नियमित थीं। गृह विभाग को सख्त बनाने की राउत के दावे पर उन्होंने कहा, 'राउत की भावना सही है। अगर कोई कमी है, तो हम सुधार करने की कोशिश करेंगे।' यह पूछे जाने पर कि क्या गृह विभाग भाजपा नेताओं पर 'नरम' है, उन्होंने कहा, 'यह नरम या कठोर दृष्टिकोण नहीं है। हम जो भी कार्रवाई करते हैं वह यह सुनिश्चित करने के लिए है कि यह अदालत में कायम रहे। यदि कोई अपराध होता है, तो कार्रवाई की जाएगी।' प्रवर्तन निदेशालय, सीबीआई और आयकर विभाग जैसी केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई से शिवसेना के नेता नाराज हैं। वे दबाव डाल रहे हैं कि महाराष्ट्र पुलिस को 'जैसे को तैसा' जवाब देना चाहिए और बीजेपी नेताओं के खिलाफ ऐक्शन लेना चाहिए। शिवसेना नेताओं ने कहा कि संजय राउत ने जो सार्वजनिक टिप्पणियां की हैं वे पाटिल के बीजेपी पर नरम रवैये की निराशा का नतीजा है। राउत को ईडी से जांच का सामना करना पड़ रहा है और उन्होंने किरीट सोमैया जैसे भाजपा नेताओं के खिलाफ भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी के आरोप लगाए हैं।

## भारत बायोटेक ने कोवैक्सीन का प्रोडक्शन कुछ समय के लिए घटाने का लिया फैसला

नई दिल्ली। भारत बायोटेक कोरोना रोधी टीके कोवैक्सीन का प्रोडक्शन कुछ समय के लिए घटाने जा रहा है। दवा निमार्ता कंपनी ने कहा कि वह अपनी सभी मैन्युफैक्चरिंग यूनिट में कोविड-19 के टीके कोवैक्सीन के उत्पादन को अस्थायी रूप से कम कर रहा है। कंपनी का कहना है कि खरीद एजेंसियों को आपूर्ति संबंधी दायित्वों को पहले ही पूरा कर लिया है और मांग में कमी रहने का अनुमान है। इस स्थिति में प्रोडक्शन घटाने का फैसला हुआ है। कंपनी ने कहा कि हाल ही में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की ओर से टीके के आपातकालीन इस्तेमाल के मद्देनजर किए गए निरीक्षण के बाद टीके में और सुधार लाने व उसे उन्नत बनाने की प्रक्रिया पर काम किया जा रहा है। इससे यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि कोवैक्सीन समय के साथ बदलती वैश्विक नियामक आवश्यकताओं को पूरा करता रहे। भारत बायोटेक ने एक बयान में कहा कि आने वाली अवधि के लिए कंपनी रखरखाव, प्रक्रिया और सुविधा अनुकूलन गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करेगी। कंपनी ने कहा कि पिछले एक साल के दौरान टीके के निरंतर उत्पादन के लिए सभी मौजूदा इकाइयों को कोवैक्सीन के निर्माण के लिए पुनर्निर्मित किया गया था। इसलिए इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए सुविधाओं को उन्नत बनाने के लिए काम करना जरूरी है। हाल ही में भारतीय चिकित्सा एवं अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के एक अध्ययन में पता चला है कि कोविड रोधी टीके कोवैक्सीन की बूस्टर खुराक लेने के बाद सार्स-सीओवी-2 के खिलाफ एंटीबॉडी का स्तर बढ़ जाता है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री भारती प्रवीण प्रवार ने यह जानकारी देते हुए राज्यसभा को बताया कि अध्ययन कोवैक्सीन टीके की बूस्टर खुराक के प्रभाव का पता लगाने के लिए किया गया था।

## चिंतन मनन

### जल का दोहन

दुनियाभर में आधुनिक जीवनशैली ने भूगर्भीय जल के दोहन को तो बेलगाम तरीके से बढ़ा दिया है, लेकिन उन तमाम जल संसाधनों के संरक्षण के प्रति भी उदासीन कर दिया है जो भूगर्भीय जल का स्तर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। भारत में तो इस संदर्भ में कुंओं, तालाबों और जोहड़ों का विशेष योगदान था, जो वर्षा जल संग्रहित करके रखते थे और इस तरह इलाके के भूगर्भ जल स्तर को बनाए रखने में मदद करते थे। राजस्थान के मरुस्थलीय इलाकों में इतने गहरे कुंए पाए जाते हैं कि उन्हें पातालतोड़ कुंआ कहा जाता है। दुर्भाग्य से जिन इलाकों में नलों के माध्यम से पानी पहुंच गया, वहां नागरिक और प्रशासन दोनों प्राचीन जल संसाधनों के संरक्षण के प्रति उदासीन हो गए। रही-सही कसर पूरी कर दी बिना नियंत्रण के खुदते नलकूपों ने, जो धरती के अंदर का पानी तो बाहर उलीच देते हैं, लेकिन धरती के अंदर पानी का स्तर बचाए रखने में भूमिका नहीं निभा पाते। मिसाल के तौर पर, कुछ समय पहले राजस्थान सरकार ने शहरी क्षेत्रों में भी भूगर्भीय जल के दोहन की प्रक्रिया प्रारंभ करने के पूर्व स्वीकृति के उपबंध को समाप्त कर दिया। बुंदेलखंड में हर वर्ष पानी का संकट सामान्य जीवन को अस्त-व्यस्त कर देता है। पानी के लिए हिंसक झड़पों की खबरें तो 2020 की ग्रीष्म ॠतु में भी सामने आईं, लेकिन मीडिया में उनकी चर्चा कम हुई। जल संकट की खबरें भले ही पाश्र्व में चली गई हों, लेकिन मनुष्यता के लिए पानी के संरक्षण की चिंता सबसे ज्वलंत मुद्दों में एक है। इसका बड़ा कारण यह है कि अपनी जल संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए मनुष्य आज भी या तो प्रकृति पर निर्भर है या भूजल पर। ऐसे में जरूरी है कि हम प्राकृतिक जल भंडारण के स्त्रोतों के संरक्षण के प्रति संवेदनशील होते। लेकिन हमने परंपरागत जल स्त्रोतों के साथ बहुत सौतेला और स्वार्थ भरा बर्ताव किया। पुराने तालाबों, कुंओं, झीलों, बावडियों और कुंडों को उपेक्षित छोड़ दिया। नदियों को प्रदूषित कर दिया। स्थिति यह है कि देश की अधिकांश नदियों का पानी कई जगहों पर पीने योग्य तक नहीं पाया गया है। केंद्रीय भू-जल बोर्ड की एक रिपोर्ट के अनुसार देश में 2007 से 2017 के बीच भूगर्भ जल के स्तर में 61 प्रतिशत की गिरावट आई। हालत यह हो गई कि कई नदियों के किनारे बसे गांवों में भी लोगों को पेयजल की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। महत्वपूर्ण यह है कि सारी दुनिया में भूगर्भ जल का प्रयोग करने के मामले में भारत अव्वल है। चीन और अमेरिका का स्थान क्रमशः दूसरा और तीसरा है। आईआईटी खडगुपर और कनाडा के अथाबास्का विश्वविद्यालय की एक संयुक्त शोध रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय औसतन प्रतिवर्ष 230 घन किलोलीटर जल का उपयोग करते हैं। यह आंकड़ा वैश्विक एजेंसियों द्वारा मनुष्य समुदाय के लिए आवश्यक माने गए जल उपयोग के मानदंडों से अधिक है। माना यह भी जाता है कि एक निश्चित सीमा के बाद यदि जल का उपयोग किया जाता है, तो वह वस्तुतः उपयोग नहीं होता, बल्कि दुरुपयोग है। हम दुरुपयोग को तार्किकता की कसौटी पर सही बताने के तरीके भले निकाल लें, लेकिन यह स्थिति डराती है। खासकर तब, जब नीति आयोग की जल प्रबंधन सूचिका का यह आंकड़ा पढ़ते हैं कि देश के 75 प्रतिशत घरों में आज भी जलापूर्ति की समुचित व्यवस्था नहीं है। स्पष्ट है कि इसमें अधिक संख्या वंचित तबके की है। संपन्न वर्ग की सुविधाभोगी आदतों से जन्में संकट का सामना इसी वर्ग को करना होता है। कहते हैं कि प्रकृति के पास सब प्राणियों की जरूरत को पूरा करने योग्य संसाधन हैं, लेकिन वह लालच किसी का भी पूरा नहीं कर सकती। दुर्भाग्य से जल उपयोग के संदर्भ में मनुष्य जाति का व्यवहार लालची भी हुआ और लापरवाह भी। नदियों की शुचिता को प्रदूषण ने चुनौती दी तो कुंए, बावड़ी, कुंड, जोहड़ और तालाब जैसे परंपरागत जलस्त्रोत जमीन की लगातार बढ़ती भूख या अनदेखी के शिकार होते चले गए। वर्षा जल संग्रहण के जो परंपरागत साधन थे, आधुनिक जीवनशैली ने उन्हें भी अप्रासंगित मान लिया। हम जल के उपलब्ध भंडारण के संरक्षण के प्रति सचेत हों और वर्षाजल के संग्रहण के प्रति सजग रहें।

## रखे अलग विचार !



है सबको अधिकार ।
रखे अलग विचार ।।
लोकतंत्र का है यही ।
अब तक का आधार ।।
अपनी-अपनी राह सब ।
चलने को स्वतंत्र ।।
सबकी खातिर होगा ।
यही सच्चा मंत्र ।।
किसी के भी मत से ।
रख सकते संबंध ।।
सोच हो रचनात्मक ।
मिट्टी की सुगंध ।।
रहे इसका ध्यान ।
और हो इस पर काम ।।
हटती हैं बाधाएं ।
आतीं जो तमाम ।।
-कृष्णेन्द्र राय

# युद्ध की विभीषिका की भेंट चढ़ता बचपन

दुनिया में शांति सिर्फ बुद्ध के रास्ते से आएगी युद्ध से नहीं। युद्ध का सबसे बुरा प्रभाव बच्चों पर पड़ता है। पूरे विश्व भर में अब तक हजारों बेजुबान मासूम युद्ध की भेंट चढ़ चुके हैं। ग्लोबल मंच पर बाल अधिकार की बात करने वाली संस्थाएं हाथ बांधे खड़ी हैं। यूक्रेन और रूस के मध्य छिड़ी जंग खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। ऐसे हालात में संयुक्तराष्ट्र संघ, यूनिसेफ और नाटो जैसी वैश्विक संस्थाओं का फिर मतलब क्या है। अभी तक रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दुनिया के सबसे ताकतवर नेता के रूप में उभरे हैं। उनकी जिद के आगे संवैधानिक वैश्विक संस्थाएं बेमतलब साबित हुई है। दुनिया भर के मुल्कों ने पुतिन से युद्ध रोकने की अपील कि लेकिन उन्होंने किसी को तवज्जो नहीं दिया। संयुक्तराष्ट्र संघ, अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय और नाटो जैसी संस्थाएं, यूरोपीय संघ सारे प्रतिबंध लगाने के बावजूद भी पुतिन को युद्धविराम के लिए नहीं मना सकीं। अमेरिकी राष्ट्रपति जोबाइडन भी यूक्रेन और रूस के मध्य नहीं आना चाहते। सिर्फ बंदरघुड़की से काम चलाना चाहते हैं जबकि यूक्रेन बर्बाद हो रहा है।

यूक्रेन और रूस की जनता कभी भी युद्ध नहीं चाहती थी। लेकिन दोनों राजनेताओं ने देश को युद्ध की विभीषिका में ढकेल दिया। संभवत है इसका एहसास ब्लादीमरी पुतिन और जेलेंस्की दोनों कर रहे होंगे। युद्ध की विभीषिका से उबरने के बाद पुतिन और जेलेंस्की के हाथ में क्या होगा इस पर भी उन्हें विचार करना होगा। क्योंकि पुतिन के फैसले के खिलाफ रूस में भी आम नागरीकों ने प्रदर्शन किया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति की पत्नी ओलेना ने रूसी सैनिकों की माताओं से एक मार्मिक अपील की है। उन्होंने लिखा है देखिए आपके बेटे किस तरह हमारे पति, बच्चे और भाइयों का कत्ल कर रहे हैं। कोई भी मां किसी बच्चे को इस तरह कत्ल होते नहीं देख सकती। रूसी हमले में अब तक 144 से अधिक मासूम बच्चों की मौत हो चुकी है जबकि ढाई सौ से अधिक बच्चे घायल हुए हैं। युद्ध की विभीषिका का असर रूस और यूक्रेन की अर्थव्यवस्था पर भारी पड़ेगा। क्योंकि यूरोपीय संघ ने रूस पर कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगाए हैं। युद्ध के खात्मे के बाद चीन और भारत वैश्विक प्रतिबधों को किनारे कर रूस कि कितनी मदद करते हैं यह भविष्य के गर्त में है।



यूक्रेन के जिन बेगुनाह मासूम बच्चों के हाथों में खिलौने, किताबें और सपने होने चाहिए उन्हें दर्दनाक मौत मिल रहीं है। रूसी हमले में उनके स्कूलों को तबाह कर दिया गया है। अस्पताल खंडहर में तब्दील हो गए हैं। मां-बाप की मौत से तमाम बच्चे अनाथ हो गए हैं। लेकिन दुनिया यह सब मौन होकर देख रही है। सेव द चिल्ड्रन की एक रिपोर्ट के अनुसार यूक्रेन के 60 लाख बच्चों का भविष्य दांव पर लगा हुआ। 464 स्कूल तबाह हो गए हैं। अस्पतालों में इलाज की सुविधा बंद हो गई। युद्ध की वजह से यूक्रेन के 75 लाख बच्चों में 15 लाख ने देश छोड़ दिया है। अभी तक युद्ध का खतरा टला नहीं है। संयुक्तराष्ट्र संघ और दुनिया यूक्रेन की बबार्दी पर कुछ नहीं कर पायी हैं। अगर यह स्थिति रूस के साथ होती तो किस तरह के हालत होते।

सेव द चिल्ड्रन रिपोर्ट के अनुसार यूक्रेन में 80 हजार बच्चे जो मां के गर्भ में है उन्हें जन्म लेना है। इस जंग की हालात में किस तरह से उन्हें मैटरनिटी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी उस स्थिति में जब अस्पताल ध्वस्त हो चुके हैं दवाओं और दूसरी सुविधाओं का अकाल है। क्या यह मातृत्व और बाल अधिकारों पर कुठराघात नहीं है। यूनिसेफ और संयुक्तराष्ट्र ने क्यों मुंह को सील लिया है। अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय के युद्ध रोकने के फैसले के बाद भी युद्ध नहीं रुक रहा है। युद्ध किसी समस्या का हल नहीं। एक युद्ध भविष्य में कई युद्ध की आधारशिला रखता है।

सवाल सिर्फ यूक्रेन और रूस के युद्ध का नहीं। सीरिया अफगानिस्तान, यमन, इराक और सोमालिया जैसे देशों का भी है। यहां लाखों बच्चे युद्ध की भेंट चढ़ गए हैं। लेकिन बच्चों के अधिकारों को लेकर पूरी दुनिया मौन है। नार्वे के पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट के अनुसार तीन साल पूर्व यानी 2019 में 160 करोड बच्चे युद्ध के इलाकों में रह रहे थे। यूनिसेफ की एक रिपोर्ट के अनुसार सीरिया में युद्ध के दौरान हर 10 घंटे में एक बच्चे की मौत हुई। जबकि इस दौरान 10 लाख से अधिक बच्चों ने जन्म लिया। युद्ध में 5427 बच्चों की मौत हुई। अफगानिस्तान में साल 2018 तक पांच हजार बच्चों की युद्ध में मौत हुई। इस दौरान हजारों लोग शरणार्थी बने। लाखों की संख्या में बच्चों को पढ़ाई छोड़नी पड़ी। यहां हर 10 मिनट में एक बच्चे की बीमारी से मौत हुई। युद्ध के दौरान यहां 1427 बच्चों की मौत हुई। यहां चार लाख से अधिक बच्चे कुपोषण के शिकार हो गए । युद्ध की वजह से 20 लाख बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे है। 17 लाख बच्चों के परिवारों को विस्थापित होना पड़ा। सोमालिया में 1991 के दौरान युद्ध के शुरूआती नौ महीने में अट्ठारह सौ बच्चों की मौत हुई। 1278 बच्चों का अपहरण हुआ। 10 में से 6 बीमार बच्चों को इलाज तक की सुविधा उपलब्ध नहीं मिल पायी। इराक में अमेरिकी सेना की कार्रवाई के दौरान साल 2003 से साल 2011 के बीच काफी बच्चों की मौत हुई। युद्ध की वजह से बच्चों को अस्पताल में इलाज तक की सुविधा नहीं मिल पायी और उनकी मौत हो गई। दुनिया भर में युद्ध ग्रस्त इलाकों में बाल अधिकार हाशिए पर हैं। जिम्मेदार संस्थाओं की तरफ से इस मसले पर उचित कदम नहीं उठाए गए। यूनिसेफ जैसी संस्थाओं की तरफ से सिर्फ आंकड़े पेश किए गए। संयुक्तराष्ट्र संघ जैसी संस्थाओं को इस पर व्यापक रणनीति बनानी चाहिए। युद्ध क्षेत्रों में लाखों बच्चों को उनका अधिकार हासिल होना चाहिए। बाल अधिकार को लेकर दुनिया के देशों को एक मंच पर आना चाहिए। जिम्मेदार संस्थाओं को इस पर नीतिगत निर्णय लेना चाहिए।

# गाजीपुर ने जन्म दिया, वाराणसी ने पाला बाकी सब ऊपर वाला रखवाला

प्रखर खानपुर गाजीपुर (अंकित मिश्रा)। उत्तर प्रदेश में लगातार दूसरी बार भाजपा सरकार बनने व मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी के मंत्री मंडल में वाराणसी से दयाशंकर मिश्रा(दयालु गुरु) को राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार बनाये जाने पर

## अपने लाल पर निहाल हुआ, सिधौना गाँव

उनके जनपद गाजीपुर में प्रथम आगमन पर सिधौना बाजार में ढोल नगाड़ों के साथ उनका जोरदार स्वागत किया गया।शुक्रवार की शाम अपने पैतृक गाँव सिधौना पहुँचे डॉ दयाशंकर मिश्रा(दयालु गुरु) अपने गाँव सिधौना स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना के बाद होली मिलन समारोह में शामिल हुए।जहाँ गायको के संगीतमय कार्यक्रम में लोग देररात आनंदित होते रहे।आपको बता देते की दयाशंकर मिश्रा(दयालु गुरु) जनपद गाजीपुर के सिधौना गाँव के निवासी है इनकी प्राथमिक शिक्षा सिधौना गाँव स्थित प्राथमिक विद्यालय से प्रारंभ हुई।वही इनकी ग्रेजुएशन की पढ़ाई वाराणसी के बीएचयू से हुई।दयालु गुरु ने अपनी राजनीतिक पारी छात्र संघ के चुनाव में उपाध्यक्ष पद से शुरू किया।वही इसके बाद 2012 में कांग्रेस पार्टी से प्रत्याशी के रूप में वाराणसी से चुनाव लड़ा लेकिन इस बार उनके हाथ निराशा लगी।वही कुछ वर्षों बाद उन्होंने भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए।वही उनको पूर्वांचल विकास बोर्ड में उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया।

**सादगी व मृदभाषी स्वभाव के साथ बच्चों के प्रति प्रेम के लिए जाने जाते हैं,"दयालु"**- कांग्रेस छोड़ भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने के बाद दयाशंकर मिश्रा(दयालु गुरु) आठ वर्ष चंदौली में प्रधानाध्यापक पद पर रहें और उनका मृदुल स्वभाव और बच्चों के प्रति प्रेम देख लोगो के मन को भा जाता है।लोगो ने बताया कि प्रधानाध्यापक पद पर रहे दयालु कभी भी नही लगे कि वह प्रधानाध्यापक हैं विद्यालय में आने के बाद ऑफिस व तुरन्त बाद विद्यालय के सभी कक्ष में जाकर बच्चों से मिलना और उनको शिक्षा के प्रति प्रेरित व जागरूक करना ही उनका कार्य था।

**गृह जनपद गाजीपुर जाते समय लिया महादेव का आशीर्वाद**- शुक्रवार की शाम अपने गृह जनपद गाजीपुर जानते समय राज्यमंत्री(स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर मिश्रा(दयालु गुरु) जे वाराणसी के कैथी स्थित मार्कण्डेय महादेव जाकर परिवार के सभी सदस्य और कार्यकताओं के साथ आशीर्वाद लिया।मन्दिर में जाकर संकल्प लिया और रुद्राभिषेक कर सरकार के द्वारा दी गयी जिम्मदारियों के प्रति पूरी ईमानदारी और सुख शांति के लिए मन्नत मांगी।

**स्नेह प्यार और आशीर्वाद पाकर आँखे हुई नम**- राज्यमंत्री दयाशंकर मिश्रा(दयालु गुरु) जैसे ही अपने पैतृक गाँव सिधौना पहुँचे की वहाँ का माहौल और स्वागत कार्यक्रम और अपने प्रति लोगो का प्यार देख आँखे नम हो गई।अपने पैतृक गाँव पहुँच दयालु ने शिव मंदिर में आरती कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया और होली मिलन समारोह में शामिल होकर उसे सफल बनाया।



**गाजीपुर-वाराणसी बॉर्डर पर किया गया जोरदार स्वागत**- राज्यमंत्री का काफिला जैसे ही वाराणसी से गाजीपुर जनपद में प्रवेश किया कि कार्यकताओं और क्षेत्रीय लोगो द्वारा उनका गाजीपुर-वाराणसी बोर्डर पर जोरदार स्वागत किया गया।वही जैसे ही काफिला उनके पैतृक गाँव सिधौना पहुँचा की लोगो ने ढोल नगाड़ों और फूल मालाओं से उनका जोरदार स्वागत किया।वही सिधौना बाजार से उनका काफिला उनके गाँव सिधौना पहुँचा।

**गाँव पहुँचते ही लोगो का** 

**मेरा फर्ज था कर्म करने का बाकी सब ऊपर वाले के हाथ मे**- होली मिलन कार्यक्रम के दौरान दयालु ने लोगो से बातचीत के दौरान बताया कि एक व्यक्ति को बिना किसी फल की चिंता किये बगैर अपने कर्म पर ध्यान देना चाहिए।और जिस प्रकार सिधौना के धरती पर जन्मे इस अदने से व्यक्ति को भारतीय जनता पार्टी के एक सामान्य से सिपाही को इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी है सबसे पहले उन्हें दिल से आभार और गाजीपुर के सिधौना में जन्म लिया वाराणसी ने पाला फिर आठ वर्ष प्रधानाध्यापक रहकर विद्यालय की सेवा की अब मौका मिला है लोगो की सेवा करने के लिए तो मैं अभिभूत हूँ।वही दयालु ने बताया कि की अचानक जब मुझें लखनऊ बुलाया और और इतने बड़ी जिम्मेदारी दी गई तो मैं खुद भावुक हो गया इसके लिए मैं भारतीय जनता पार्टी को दिल के अनंत गहराइयों से आभार व्यक्त करता हूँ और जो जिम्मेदारी जो दायित्व मुझे दिया गया है उसे मैं पूरी ईमानदारी से निर्वहन करुँगा।

**मंत्री बनने के बाद तीन घंटे कार्यक्रम में रह और अपने घर जाकर लिया सभी बड़ो का आशीर्वाद,सबका दिल से व्यक्त किया आभार**- शुक्रवार की शाम अपने पैतृक गांव सिधौना पहुचे आयुष राज्यमंत्री डॉ दयाशंकर मिश्र ने कहा कि भारतीय प्राचीन चिकित्सा पध्दतियों को पुनर्जीवित कर आयुष के सभी उपचार विधियों को आम जनमानस के लिए सुलभ एवं सुगम बनाया जाएगा। शुक्रवार की रात अपने गांव के शिव मंदिर पर पूजा अर्चना के बाद होली मिलन समारोह में शामिल हुए जहां गायकों के संगीतमय कार्यक्रम में लोग देर रात तक आनंदित होते रहे। कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि भाजपा प्रदेश सह संगठन प्रभारी सुनील ओझा ने कहा कि दयालु के कार्यकुशलता एवं नेतृत्व क्षमता ने इन्हें भाजपा के शिर्ष नेतृत्व को प्रभावित किया है जिससे इन्हें प्रदेश के स्वास्थ्य की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई हैं।कार्यक्रम का संचालन शिवाजी मिश्रा और अध्यक्षता जयप्रकाश मिश्रा ने किया।लोकप्रिय गायक मनोहर सिंह, पल्लवी पहड़िया और विनोद सिंह ने फगुआ चैती गीत के साथ हास्य गीतों की स्वर लहरी में श्रोताओं को खूब झुमाया।इस मौके पर राकेश मिश्रा, विवेक पांडेय,श्रवण मिश्रा(झुन्नर गुरु),अनुराग मिश्रा, आशीष मिश्रा, अभिषेक मिश्रा,अनिल कुमार मिश्रा उर्फ बबलू गुरु,अनुराग सिंह,रामजी बागी, आदि लोग मौजूद रहें।

# हारे का सहारा खाटू श्याम हमारा

यहां फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की द्वादशी को श्याम बाबा का विशाल वार्षिक मेला भरता है जिसमें देश -विदेशों से आये करीबन 25 से 30 लाख श्रृद्धालु शामिल होते है। इस मंदिर में भीम के पौत्र और घटोत्कव के पुत्र बर्बरीक की श्याम यानी कृष्ण के रूप में पूजा की जाती है। इस मंदिर के लिए कहा जाता है कि जो भी इस मंदिर में जाता है उन्हें श्याम बाबा का नित नया रूप देखने को मिलता है। कई लोगो को तो इस विग्रह में कई बदलाव भी नजर आते है। कभी मोटा तो कभी दुबला । श्याम बाबा का धड़ से अलग शीष और धनुष पर तीन बाण की छवि वाली मूर्ति यहां स्थापित की गई।

कहते है कि मंदिर की स्थापना महाभारत युद्ध की समाप्ति के बाद स्वंय भगवान कृष्ण ने अपने हाथों की थी। श्याम बाबा की कहानी महाभारत काल से आरम्भ होती है। वे पहले बर्बरीक के नाम जाने जाते थे तथा पान्डव भीम के पुत्र घटोत्कच्छ और नाग कन्या अहिलवती के पुत्र थे। बाल्यकाल से ही वे बहुत वीर और महान यौद्धा थे। उन्होने युद्ध कला अपनी मां से सीखी। भगवान शिव की घोर तपस्या करके उन्हें प्रसन्न किया और उनसे तीन अभेध्य बाण प्राप्त कर तीन बाणधारी के नाम से प्रसिद्ध हुये। अग्नि देव ने प्रसन्न होकर उन्हें धनुष प्रदान किया जो कि उन्हें तीनो लोकों में विजयी बनाने में समर्थ थे। कौरवों और पाण्डवों के मध्य महाभारत युद्ध का समाचार बर्बरीक को प्राप्त हुये तो उनकी भी युद्ध में सम्मिलित होने की इच्छा जागृत हुयी। जब वे अपनी मॉ से आशीर्वाद प्राप्त करने पहुंचे तब मां को हारे हुये पक्ष का साथ देने का वचन दिया। महाभारत के युद्ध में भाग लेने के लिये वे अपने नीले रंग के घोडे. पर सवार होकर धनुष व तीन बाणो के साथ कुरूक्षेत्र की रणभूमि की ओर अग्रसर हुये। सर्वप्यापी कृष्ण ने





ब्राह्मण वेश धारण कर बर्बरीक से परिचित होने के लिए उसे रोका और यह जानकर उनकी हंसी भी उड़ायी कि वह मात्र तीन बाण से युद्ध में सम्मिलित होने आया है। ऐसा सुनने पर बर्बरीक ने उत्तर दिया कि मात्र एक बाण शत्रु सेना को ध्वस्त करने के लिये पर्याप्त है और ऐसा करने के बाद बाण वापिस तरकस में ही आयेगा। यदि उन्होने तीनो बाणो को प्रयोग में ले लिया गया तो तीनो लोको में हाहाकार मच जायेगा। इस पर कृष्ण ने उन्हे चुनौती दी की इस पीपल के पेड के सभी पत्रो को छेद कर दिखलाओ, जिसके नीचे दोनो खड़े थे। बर्बरीक ने चुनौत स्वीकार कर और अपन तुणीर से एक बाण निकाला और इश्वर को स्मरण कर बाण पेड़ के पत्तो की ओर चलाया। तीर ने क्षण भर में पेड के सभी पत्तो को भेद दिया और कृष्ण के पैर के इर्द-गिर्द चक्कर लगाने लगा क्योंकि एक पत्ता उन्होने अपने पैर के नीचे छुपा लिया था। तब बर्बरीक ने कृष्ण से कहा कि आप अपने पैर को हटा लीजिए वर्ना ये आपके पैर को चोट पहुंचा देगा। कृष्ण ने बालक बर्बरीक से पूछा कि वह युद्ध में किस ओर से सम्मिलित होगा तो बर्बरीक ने अपनी मॉ को दिये वचन दोहराते हुये कहा कि वह युद्ध में निर्बल हो और हार की और अग्रसर पक्ष की तरफ से भाग लेगा। कृष्ण जानते थे। कि युद्ध में हार तो कौरवों की ही निश्चित है और इस पर अगर बर्बरीक ने उसका साथ दिया तो परिणाम उनके पक्ष में ही होगा।

ब्राह्मण बने कृष्ण ने बालक बर्बरीक से दान की अभिलाषा व्यक्त की, इस वीर बर्बरीक ने उन्हें वचन दिया कि अगर वो उनकी अभिलाषा पूर्ण करने में समर्थ होगा । तो अवश्य करेगा। कृष्ण ने उनसे शीष का दान मांगा। बालक बर्बरीक क्षण भर के लिये चकरा गया परन्तु उसने अपने वचन की दृढ़ता जतायी। बालक बर्बरीक ने ब्राह्मण से अपने वास्तिवक रूप में आने की प्रार्थना की और कृष्ण के बारे में सुनकर बालक ने उनके विराट रूप में दर्शन की अभिलाषा व्यक्त की। तब कृष्ण ने उन्हें अपना विराट रूप दिखलाया। उन्होने बर्बरीक को समझाया कि युद्ध आरम्भ होने से पहले युद्धभूमी की पूजा के लिए एक वीर क्षत्रिय के शीश के दान की आवश्यकता होती है। उन्होनें बर्बरीक को युद्ध में सबसे बडे. वीर की उपाधि से अलंकृत कर उनका शीश दान में मांगा। बर्बरीक ने उनसे प्रार्थना की वह अत तक युद्ध देखना चाहता है। श्री कृष्ण ने उनकी यह बात स्वीकार कर ली। फाल्गुन माह की द्वादशी को उन्होंने अपने शीश का दान दिया।

# सुपरवुमेन के लिए सुपर नाश्ता





**तली हुई चीजों से सुबह के नाश्ते में बचना चाहिए। अगर महिलाओं को नाश्ता बनाने का समय नहीं मिलता है तो वो फल और दूध का सेवन जरूर करें ताकि उसकी ऊर्जा में कोई कमी ना आ पाये। हो सके तो ड्राई फूट का इस्तेमाल भी नाश्ते में किया जा सकता है।**

**आज** औरत किसी सुपरवुमेन से कम नहीं है चूंकि वे पुरूषों से कंधा मिलाकर चल रही हैं। साथ ही महिलाएं घर और बाहर दोनों की देखरेख करती हैं जिसके कारण उनके पास अपने लिए समय नहीं बचता है। पूरे घर का ख्याल रखने वाली महिला खुद अपनी सेहत का ख्याल नहीं रख पाती है। जबकि कामकाजी महिलाओं का खान-पान आम महिलाओं की अपेक्षा और भी न्यूट्रीशियस और स्वास्थ्यवर्धक होना चाहिए। उनके खाने में विटामिन, जिंक, प्रोटीन और कैल्शियम की भरपूर मात्रा होनी चाहिए। कामकाजी महिलाओं को सुबह का नाश्ता जरूर करना चाहिए जिसमें ऊर्जावर्धक चीजें होनी बेहद जरूरी हैं। इसके लिए वो दूध, दलिया, कॉर्नफ्लेक्स, फल, पोहा, उपमा, ब्रेड, मक्खन जैसी चीजों का प्रयोग कर सकती हैं। तली हुई चीजों से सुबह के नाश्ते में बचना चाहिए। अगर महिलाओं को नाश्ता बनाने का समय नहीं मिलता है तो वो फल और दूध का सेवन जरूर करें ताकि उसकी ऊर्जा में कोई कमी ना आ पाये। हो सके तो ड्राई फूट का इस्तेमाल भी नाश्ते में किया जा सकता है। तो आइए जानते है कि सेहतमंद नाश्ते कैसा हो:-

**स्वस्थ से भरपूर मिनी सैंडविच विथ एग**

साबुत अनाज की ब्रेड हमें कई प्रकार के पोषक लाभ देती हैं। इसके अलावा सब्जियां जैसे सलाद पत्ता और लीन मीट से तैयार मिनी सैंडविच स्वस्थ नाश्ता का विकल्प हो सकता है। साथ ही सैंडविच में आप एक अंडा भी बीच में डाल कर खा सकते है जोकि आपके सेहत के लिए ओर भी सेहतमंद रहेगा।

**अच्छा नाश्ता होता हैं फलों का सलाद**

कोई भी फल आपके नाश्ते के लिए अच्छा होता हैं, लेकिन सेब एक स्वास्थ्यप्रद फल माना जाता है। यह सुपर फल आपको एनर्जी और लंबे समय तक भूख के स्तर को बनाए रखने में मदद करने के अलावा स्वास्थ्य लाभ भी देता है। ताजा कटा सेब का सलाद, नारंगी के टुकड़े और या अंगूर स्नैक्स का एक अच्छा विकल्प हो सकता है। ये पोषक तत्वों से भरपूर होने के कारण आपके संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए अच्छे होते हैं।

**दही के साथ नट्स**

नट्स एक स्वस्थ असंतृप्त वसा हैं। मूंगफली और मिक्सड नट्स भूख को शांत रखते हैं। लेकिन इसमें मौजूद उच्च वसा सामग्री के कारण इसे संयम से खाना चाहिए। थोड़े से नट्स खाने से ही आपको आवश्यक पोषक तत्व और कैलोरी मिल जाती है जो आपके स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होती है। साथ ही इसे दही में डालकर खाई जाए तो उसका मजा अलग ही होता है और सेहतमंद भी होता है।

**फाइबर के लिए लें साबुत अनाज**

साबुत अनाज न केवल आपको भरे हुए का एहसास कराता है बल्कि विशेष रूप से आपकी फाइबर के लिए दैनिक पोषण आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद करता है। इसे स्वादिष्ट बनाने के लिए लो फैट डिप के साथ जोड़ा जा सकता है।

**उत्कृष्ट नाश्ता है स्मूदी**

मिल्क शेक और स्मूदी एक उत्कृष्ट नाश्ते का विकल्प हैं। इसे स्वादिष्ट बनाने के लिए आप इसे अपने मनपसंद फल, दही, फ्लैक्स ऑयल या अन्य स्वस्थ विकल्प के साथ ले सकते हैं। आपके भोजन के बीच के समय में लेने से स्मूदी आपको तृप्त रखती हैं।

**संडे हो या मंडे रोज खाए उबला अंडा**

भूख लगने पर आप उबले अंडे को खाने से आपकी भूख शांत हो जाती है। उबला अंडा न केवल पकाने में सरलतम होता है, बल्कि आपके सुबह के नाश्ते के लिए यह एक स्वस्थ विकल्प भी हैं। साथ ही इसको खाने से शरीर को प्रोटीन और कार्बोहाइड्रेट मिलता है जो कि सारा दिन काम करने के लिये जरुरी होता है।

**स्वास्थ्यवर्धक नाश्ता है पोहा**

राइस क्रिस्प भारतीय घरों में पोहा लोकप्रिय नाश्ता है जो काफी स्वास्थ्यवर्धक होता है। लेकिन सुबह के नाश्ते में पोहा हल्के नमक वाला बनाकर खाएं। कॉर्नफ्लैक्स और ओट्स के अलावा, आप अपने बच्चों को चॉकलेट, हनी और फट फ्लैवरड ब्रेकफास्ट भी दे सकते है, पर उसकी मात्रा बहुत च्यादा नहीं होनी चाहिये।

**एक्ट्रा एनजी के लिए ओटमिल सुबह**

सुबह एक कटोरी ओट्मिल खाने से शरीर को एक्ट्रा एनर्जी मिलती है। इसमें हाईफाइबर होता है जो शरीर में ब्लड़ सुगर की मात्रा को बैलेंस रखता है और व्यक्ति को मानसिक रूप से भी स्वस्थ बनाता है।

**पोषक तत्व को पूरा करता कॉर्नफ्लैक्स**

कॉर्नफ्लैक्स में कार्बोहाइड्रेट, आयरन और विटामिन बी कॉम्पलेक्स होता है जो ऑफिस जाने वाले लोगों के लिए नाश्ते में सबसे अच्छा विकल्प होता है। इसे आप दूध में भिगोकर आसानी से फटाफट खा सकते है। इसके सेवन से शरीर में सभी पोषक तत्व पूरे हो जाते है और बॉडी में मॉश्चर भी बना रहता है।

**बेहतरीन नाश्ता है दलिया**

नाश्ते में सबसे बेहतरीन आईडिया, दलिया का है। इसमें भरपूर मात्रा में मिनरल्स और फाइबर होते है जो ब्लड़ सुगर को मेंटेन रखते है। अगर आप कुछ मीठा खाने के शौकीन है तो इसे दूध में भिगोकर बनाएं, वरना सब्जियों को डालकर पका लें।


**सफेद छोले का सलाद**

सफेद छोले को उबालकर खाना हमेशा से ही स्वास्थ्यवर्धक रहा है। लेकिन इसे स्वादिष्ट बनाकर खाया जाए तो सेहत के साथ स्वाद भी बना रहेगा। इसके लिए आप छोले का उबालकर उसमें कच्ची सब्जियां जैसे टमाटर, मिर्च स्वाद के लिए, खीरा, प्लाज आदि मिलकर खा सकते है। यह नाश्ते के लिए एक बेहतरीन विकल्प होता है चूंकि यह सेहतमंद होने के साथ ही बनाने में समय भी कम लेता है।

**ककड़ी एक फायदे अनेक**

इस उमस भरे मौसम में आज हरेक व्यक्ति सेहतमंद रहना चाहता है और इसके लिए वे ना जाने कितने ही टोटके अपनाते रहते है। कभी कोई जीम तो कभी ब्यूटीपार्लर के चक्कर लगाते रहते है। यू तो प्रकृति ने मनुष्य को बहुत सी ऐसी चीजें दी है जिनके सेवन से वह खुद को स्वस्थ रख सकता है लेकिन ककड़ी भी उनमें से एक है। कच्ची ककड़ी में आयोडीन की पर्याप्त मात्रा पाई जाती है जिससे यह कई रोगों से बचाव करती है। ●●●

# मन को शुद्ध करता है प्राणायाम



**सर्वविदित है कि हम सांस लेते हैं और जिस वायु में हम सांस लेते हैं उसमें मिली हुई आक्सीजन से हम जीवनी शक्ति प्राप्त करते रहते हैं। यह क्रिया निरन्तर चलती रहती है। इस प्रकार देखा जाए तो हम कह सकते हैं कि हम सभी जाने अनजाने प्राणायाम करते रहते हैं प्राणायाम में मुख्य रूप से तीन क्रियाएं होती हैं सांस लेना, सांस छोड़ना और सांस लेने की इस क्रिया को लगन व ध्यान से अलग-अलग प्रकारों से किया जाता है तो इसे प्राणायाम कहते हैं।**

**मानव** जीवन में पहला सुख निरोगी काया का माना जाता है। यह ठीक भी है अच्छे स्वास्थ्य के लिए हम क्या कुछ करने को तैयार नहीं हो जाते। योग भी शरीर को स्वस्थ रखने में हमारी सहायता करता है। चित्र वृत्तियों के शमन को योग कहा जाता है। योग के आठ अंग हैं, चौथा अंग प्राणायाम है। प्राणायाम के लिए आवश्यक है कि आप स्वयं पर मानसिक नियंत्रण रखें। योग शास्त्र के रचयिता महर्षि पतंजलि के अनुसार स्वाभाविक गति से चलने वाले श्वास, प्रश्वास को रोकना प्राणायाम है। प्राणायाम शरीर मन तथा प्राण को शुद्ध कर देता है। इसके रोजाना अभ्यास से स्नायुमंडल शुद्ध होता है और आंतरिक चेतना जागृत होती है। कहा जाता है कि ऐसी कोई बीमारी नहीं जिसे प्राणायाम के द्वारा ठीक न किया जा सके। मानव शरीर में अनेक नाड़ियां होती हैं जिनमें से तीन नाडियां इंड़ा, पिंगला और सुषुम्ना नाडियां खास हैं। इंडा जिसे चंद्र नाड़ी भी कहते हैं ठंडी होती है तथा विचारों को नियंत्रित करती है। शरीर का बायां भाग इसी नाड़ी के नियंत्रण में रहता है। पिंगला जिसे सूर्य नाड़ी भी कहते है ठंडी होती है। यह हमारी प्राणशक्ति तथा शरीर के दाएं भाग का नियत्रंण करती है। मेरूदंड के मध्य से होकर मूलाधार तक सुषुम्ना नाड़ी होती है। यह न तो गर्म होती है और न ही ठंडी, यह इंड़ा और पिंगला के बीच संतुलन स्थापित करने में सहायता करती है। प्राणायाम के द्वारा सम्पूर्ण स्नायु मंडल पर नियंत्रण किया जा सकता है, विभिन्न अंगों की दुर्बलता को दूर कर यह शरीर को शक्तिशाली भी बनाता है।

सर्वविदित है कि हम सांस लेते हैं और जिस वायु में हम सांस लेते हैं उसमें मिली हुई आक्सीजन से हम जीवनी शक्ति प्राप्त करते रहते हैं। यह क्रिया निरन्तर चलती रहती है। इस प्रकार देखा जाए तो हम कह सकते हैं कि हम सभी जाने अनजाने प्राणायाम करते रहते हैं प्राणायाम में मुख्य रूप से तीन क्रियाएं होती हैं सांस लेना, सांस छोड़ना और सांस लेने की इस क्रिया को लगन व ध्यान से अलग-अलग प्रकारों से किया जाता है तो इसे प्राणायाम कहते हैं।

**प्राणायाम की कुछ विधियां इस प्रकार हैं**

**मस्त्रिका प्राणायाम-** इसमें पूरी शक्ति से इंजन की तरह सांस लेना और छोड़ना चाहिए। यह क्रिया पहले बाई नासिका तथा फिर दायीं नासिका से करें। इससे श्वास नली और नाक पूर्णतया खुल जाते हैं और रक्त में गर्मी आ जाती है।

**नाड़ी शोधन प्राणायाम-** इसके लिए कमर को सीधा रखकर आंखें बंद करके बैठें फिर दाई ओर के नासाद्वार अंगूठे से बंद करके पूरा सांस बाहर निकालें और बाएं नासाद्वार से सांस भरें, तीसरी अंगुली से बाई नासिका को बंद कर सांस अंदर रोक लें (आंतरिक कुभंक) करें। आप स्वाभाविक तरीके से जितनी देर सांस रोक सकते हों केवल उतनी ही देर सांस रोकें। अब दांया अगूंठा हटाकर गर्दन को थोड़ा आगे झुकाकर सांस बाहर निकाले, एक-दो क्षण सांस रोकें फिर गर्दन उठाकर दाएं नासाद्वार से सांस भरे (पूरक करें)। नासाद्वार बंद कर श्वास को रोकें फिर बाएं नासाद्वार से धीरे से सांस निकाल दें (रेचक करें)।

इस पूरी क्रिया की पांच-सात बार दोहराएं। आरंभ में पूरक कुभंक व रेचक का अनुपात 1:2:2 रखें अर्थात् यदि 5 सेकेंड सांस भरने में लगते हों तो 10 सेकेंड सांस रोके और 10 सेकेंड में सांस निकालें। आंतरिक कुभंक से आक्सीजन फेफड़े के आंतरिक छिद्र तक पहुंचकर रक्त के विकार को शरीर से बाहर कर देती है इसलिए आंतरिक कुभंक के अभ्यास को धीरे-धीरे बढ़ाना चाहिए। इस क्रिया से रक्त शुद्ध होता है तथा फेफड़े स्वस्थ व सक्रिय रहते हैं।

**शीतली प्राणायाम-** इस क्रिया में मुंह खोलकर जीभ को दोनों ओर में मोड़ कर (नलीनुमा बनाकर) सांस अन्दर खींचे (पूरक) फिर मुंह बंदकर कुछ क्षण रूककर नाक से बाहर निकाल दें। इस क्रिया को पांच दस बार दोहराएं इससे शरीर में ठंडक आती है।

**सूर्यभेदी प्राणायाम-** दाएं हाथ की सबसे बड़ी उगुंली से बाएं नासाद्वार को बंद कर दाएं नासाद्वार से लंबी सांस भरें फिर कुंभक करके दाई नासिका से ही धीरे-धीरे श्वास निकाल दें। इसे कई बार दोहराएं।

**भ्रामरी प्राणायाम-** दोनों हाथों के अंगूठों से दोनों कान बंद कर लें तथा दोनों हाथों को ऊपर रखें। कुहनी ऊपर उठाए रखें। अब पूरा सांस भरकर कुछ क्षण कुंभक करें और भौंरे की तरह गुंजन करते हुए धीरे-धीरे लंबा करते हुए रेचक करें। इस क्रिया को चार-पांच बार दोहराएं। इस क्रिया में गुंजन से जो कंपन पैदा होता है वह मस्तिष्क तथा स्नायु मंडल को शांत करता है।

**अग्निसार क्रिया-** यह क्रिया पाचन को ठीक रखती है। इसमें श्वास को पूरी तरह बाहर निकालकर पेट को कई बार अंदर-बाहर करें। इस क्रिया को दो-तीन बात करें।

**उज्जाई प्राणायाम-** यह क्रिया गल ग्रंथि तथा स्नायुमंडल को प्रभावित करती है। जिस प्रकार सोया हुया व्यक्ति खर्राटे लेता है उसी प्रकार गले को दबाकर खर्राटे से सांस लें और सांस छोडें। इसे पांच सात बार दोहराएं। इससे उत्पन्न कंपन लाभदायक होते हैं। समग्र रूप में देखें तो प्राणायाम फेफड़ों को मजबूत करता है, उनका लचीलापन बढ़ाता है जिससे शरीर को अधिक से अधिक आक्सीजन मिले जिसका उपयोग शरीर के विकारों को बाहर निकालने में होता है। इससे मस्तिष्क के स्नायुमंडलों पर भी प्रभाव पड़ता है जिससे मस्तिष्क संबंधी सभी विकार दूर हो जाते हैं।

आंख, कान, गला आदि अंगों की कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए प्राणयाम सबसे अच्छा तरीका है। इससे लीवर, गुर्दे, आंत आदि में रक्त परिभ्रमण की गति तेज होती है जिससे विकार दूर होते हैं तथा इन अंगों की कार्यक्षमता भी बढ़ जाती है। प्राणायाम के द्वारा हम शरीर की विभिन्न नाड़ियों के बीच संतुलन भी स्थापित कर सकते हैं।

प्राणायाम का मन से घनिष्ठ संबंध है। प्राणायाम एक प्रकार से श्वसन क्रियाओं का प्राणायाम है जिसे प्रातरूकाल शुद्ध स्वच्छ और शांत वातावरण में करना चाहिए। आज हम तनाव और घबराहट में जी रहे हैं, प्राणायाम इस व्यस्त और कृत्रिम जीवन कुप्रभावों से बचने में जरूर आपका मददगार साबित होगा। ●●●

# खुशबू से उपचार करने की पद्धति है एरोमाथेरेपी

**अक्सर** तकलीफ देह बीमारियों का उपचार भी तकलीफदेह ढंग से होता है पर ऐरोमाथेरेपी आपको सुई और कड़वी दवाइयों के झंझट से निजात दिला सकती है। ऐरोमा का अर्थ है खुशबू तथा थेरेपी से अभिप्राय उपचार से है। ऐरोमाथेरेपी उपचार की वह पद्धति है जिसमें खुशबू के द्वारा अनेक बीमारियों का निदान संभव है। ऐरोमाथेरेपी जड़ी-बूटियों व पौधों की उपचार पद्धति है। इसमें रोगों के निदान के लिए पौधों के तनों, जड़ों, फूलों, पत्तों आदि से निकाले गए अर्क जिसे ऐसेन्शियल आयल कहते हैं का प्रयोग किया जाता है। सभी प्रकार की त्वचा और बालों में प्रयोग हो सकने वाले ये तेल बिल्कुल चिपचिपे नहीं होते।ऐसेन्शियल आयल्स का प्रयोग व्यवसायों में भी होता है। लगभग तीन सौ किस्म के ऐसेन्शियल आयल्स को त्वचा संबंधी या अन्य उत्पाद बनाने वाले उद्योगों में इस्तेमाल किया जाता है। घर पर ही छोटी मोटी बीमारियों के निदान के लिए दस-पन्द्रह प्रकार के तेल ही मुख्य होते हैं। प्रत्येक ऐसिन्शियल आयल की खुशबू का अहसास ही इलाज होता है। प्रत्येक खुशबू से सीधे हमारा मस्तिष्क प्रभावित होता है, हर तेल में एक विशेष प्रकार की उपचारिक शक्ति होती है, जिसके द्वारा पूर्ण रूप से पवित्र व प्राकृतिक उपचार होता है। घर में प्रयोग किए जा सकने वाले तेल विभिन्न प्रकार से इस्तेमाल किए जा सकते हैं जैसे मालिश में, नहाने के पानी में या भाप के पानी में आदि। शरीर से दूषित पदार्थों के निष्कासन में ये तेल बहुत उपयोगी होते हैं जैसे एंटीसेप्टिक, एंटीबैक्टिरयिल, एंटीफंगस, एंटी न्यूरालाजिक, एंटी डिपरेसेन्ट, रक्टी, रूमेटिक, डियोडराइजिंग आदि। ऐसेन्शियल आयल को भाप विधि के द्वारा निकाला जाता है। जैसे लैवेंडर के लगभग एक सौ किलो पौधे से लगभग तीन किलो तेल प्राप्त किया जा सकता है। इसी प्रकार लगभग साठ हजार गुलाब के फूलों से प्राप्त तेल लगभग एक आऊंस होगा। इन ऐसेन्शियल तेलों का प्रयोग सदैव बेस आयल के साथ मिलाकर किया जाता है, विभिन्न प्रकार के तेलों को बेस आयल के रूप में लिया जा सकता है जैसे वेजीटेबल आयल, ऐप्रीकाट आयल मीठा बादाम तेल आदि। ऐसोन्शियल आयल की मात्रा के अनुसार बेस आयल की मात्रा भी बदलती रहती है। जैसे 1 बूंद ऐसेन्शियन आयल में एक मिली बेस आयल, चार से दस बूंद में दस मिली बेस आयल और छह से पन्द्रह बूंद में पन्द्रह मिली बेस आयल का प्रयोग किया जाता है। मालिश और ऐरोमाथेरेपी में घनिष्ठ संबंध है। त्वचा द्वारा ऐसेन्शियल आयल के शीघ्र अवशोषण हेतु मसाज बहुत जरूरी है चूंकि एक्यूप्रेशर व रिफ्लेक्सीलॉजी का भी ऐरोमाथेरेपी से संबंध है, इसलिए मालिश करते समय बिन्दुओं के महत्व को नकारा नहीं जा सकता। हमारी रोजमर्रा की जिन्दगी में अनेक ऐसी छोटी-छोटी बीमारियां होती हैं, जिनके समाधान के लिए ऐरोमाथेरेपी उपयोगी साबित हो सकती है।





## 'केजीएफ चैप्टर-2' को मिला यू/ए सर्टिफिकेट

**मुंबई।** केजीएफ चैप्टर-2 फिल्म को सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन से 'यू/ए सर्टिफिकेट' मिल गया है और अब फिल्म का रनटाइम 2 घंटे 48 मिनट हो गया है। इतना ही नहीं केजीएफ-2 के लिए प्रमोशन भी शुरू हो गया है,जिसके लिए पूरी टीम दिल्ली पहुंच चुकी है। इस फिल्म की बात करें तो, केजीएफ-2 को डायरेक्टर 'प्रशांत नील' ने डायरेक्ट किया है। ये फिल्म तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम और हिंदी भाषा में रिलीज की जाएगी। केजीएफ चैप्टर 2' में 'यश' के साथ-साथ संजय दत्त और एक्ट्रेस रवीना टंडन, श्रीनिधि शेट्टी और रामचंद्र राजू भी नजर आने वाले हैं।

लाइफ Style

## प्रियंका नहीं रखा बेटी का नाम

बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस इसी साल जनवरी में बेटी के पेरेंट्स बने हैं। इसकी जानकारी खुद इस कपल ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया था। जब से प्रियंका चोपड़ा मां बनी हैं तब से चोपड़ा परिवार में खुशी का महौल है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

ऐसे में फैंस बेसब्री से देसी गर्ल की बेटी की एक झलक और उनका नाम जानने के लिए बेताब है। लेकिन क्या आप जानते हैं प्रियंका और निक अभी तक अपनी बेटी का नाम नहीं रख पाए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, प्रियंका और निक को उनके परिवार ने बेटी के नाम को लेकर कई सारे सुझाव दिए। लेकिन कपल को अभी तक कोई ऐसा नाम नहीं मिला जो उनके दिल को छू पाया हो। वो अपनी बेटी के लिए यूनीक और मीनिंगफुल नाम चाहते हैं लेकिन ऐसा नाम अभी तक इस कपल को नहीं मिल पाया है। प्रियंका चाहती हैं कि उनकी बेटी का नाम दोनों के कल्चर का मिक्स हो।

वैसे सोच तो अच्छी है प्रियंका चोपड़ा की। हम तो यही चाहेंगे कि देसी गर्ल जल्द ही अपने बच्चे का नाम सलेक्ट करें। साथ ही दुनिया को अपनी नन्ही परी के दीदार कराए। फैंस प्रियंका की बेटी की एक झलक पाने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। जब प्रियंका और निक ने पेरेंट्स बनने का ऐलान किया था उस पोस्ट में बच्चे के जेंडर का जिक्र नहीं किया था। प्रियंका की कजिन मीरा चोपड़ा ने बेबी गर्ल होने का राज खोला था। वहीं बाद में एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा ने भी इसका खुलासा किया था।



हॉलीवुड मसाला



## ब्रेन कैंसर के कारण निधन

लॉस एंजेलिस। ब्रिटिश बैंड 'द वांटेड' के सिंगर टॉम पार्कर को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। सिंगर अब इस दुनिया में नहीं रहे। ब्रेन ट्यूमर के चलते 33 वर्षीय सिंगर टॉम पार्कर का निधन हो गया। टॉम के निधन की सूचना उनकी पत्नी केल्सी ने इंस्टाग्राम पर साझा की। केल्सी ने लिखा कि हमारा दिल टूट गया है, टॉम हमारी दुनिया का केंद्र था और हम सब उनकी मुस्कान और ऊर्जावान उपस्थिति के बिना अपने जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते।



## एलेक बाल्डविन 63 साल की उम्र में बनने जा रहे पिता

लॉस एंजेलिस। हॉलीवुड के जाने माने एक्टर एलेक बाल्डविन इन दिनों अपने सातवीं बार पिता बनने को लेकर सुर्खियों में है। 63 साल के एलेक की पत्नी हिलारिया बाल्डविन ने बीते दिनों गुडन्यूज शेयर की थी कि वे प्रेग्नेंट हैं। बताते चलें कि एलेक बाल्डविन और उनकी पत्नी का ये सातवां बच्चा होगा। हिलारिया बाल्डविन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है। हिलारिया बाल्डविन ने लिखा है, 'पिछले कई सालों के काफी उतार-चढ़ाव के बाद हमारे पास एक रोमांचक और बड़ा सरप्राइज है। एक और बाल्डविनिटो आ रहा है। हमें पूरा यकीन था कि हमारा परिवार पूरा हो गया था, और हम इस सरप्राइज से बहुत खुश हैं। 63 साल के एलेक बाल्डविन ने हिलारिया बाल्डविन के साथ साल 2012 में दूसरी शादी की थी।



## नुसरत ने शुरू की सेल्फी की शूटिंग

**मुंबई।** एक्ट्रेस नुसरत भरुचा ने भोपाल में 'सेल्फी' की शूटिंग शुरू कर दी है। शूटिंग शुरू करने के बारे में बात करते हुए, नुसरत ने कहा, "मैं सेल्फी कास्ट का हिस्सा बनने के लिए बहुत उत्साहित हूं और अक्षय कुमार के साथ एक और फिल्म पर काम करने के लिए उत्सुक हूं। 'सेल्फी' का निर्देशन राज मेहता ने किया है, जिनके साथ नुसरत ने 'अजीब दास्तान' में काम किया था। उनके साथ फिर से जुड़ने पर, नुसरत ने कहा, "बेशक मेरे निर्देशक राज मेहता, जिनके साथ मैंने आखिरी बार अजीब दास्तां में काम किया है, वह एक क्रेजी मजेदार निर्देशक हैं। वह और अक्षय सर के साथ सेट पर निश्चित रूप से पूरे दिन हंसी का दंगा होगा। सेल्फी एक पागल मजेदार सवारी होने जा रही है। नुसरत के पास 5 फिल्में हैं, जिनमें- 'राम सेतु', 'जनहित में जारी', 'छोरी 2', 'हुड़दंग' और 'सेल्फी' हैं।



## फिल्म दसवीं का नया गाना रिलीज...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अभिषेक बच्चन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म दसवीं के प्रमोशन में जुटे हैं। दसवीं एक ऐसे शख्स की कहानी है,जो भ्रष्टाचार में लिप्त होकर जेल जाता है और फिर जेल से ही दसवीं की परीक्षा देता है। अभिषेक बच्चन इन दिनों इस फिल्म को लेकर काफी चर्चा में है। इसी बीच मेकर्स ने अपकमिंग फिल्म दसवीं का नया गाना रिलीज कर दिया है। इस गाने का नाम है 'ठान लिया।' इस गाने में अभिषेक बच्चन दसवीं क्लास की परीक्षा के लिए पढ़ाई करते हुए दिखाई दे रहे हैं। गाने में देखा जा सकता है कि अभिषेक बच्चन दिन-रात एक करके मेहनत से अपना सारा ध्यान परीक्षा के लिए लगा रहे हैं। हाल ही में इस फिल्म का ट्रेलर भी लांच किया जा चुका है। इसमें अभिषेक बच्चन दमदार भूमिका में दिखाई दिए थे।

टीवी मसाला

## 'गुड़ से मीठा इश्क़' में पंखुड़ी निभाएंगी टूरिस्ट गाइड का रोल!

मुंबई। टीवी पर जल्द ही एक नया शो प्रसारित होने वाला है। सीरियल का नाम गुड़ से मीठा इश्क है। इसमें अभिनेत्री पंखुड़ी अवस्थी एक टूरिस्ट गाइड के रूप में नजर आएंगी जो इस पुरुष प्रधान समाज में निहित



रूढ़िवादी सोच को मात देंगी। शो की शूटिंग उत्तराखंड के कुछ प्रमुख स्थानों में की गई है ताकि दर्शकों को इसका फील बिलकुल ऑथेंटिक लगे। शो में अपने किरदार को लेकर उत्साहित पंखुड़ी अवस्थी ने बताया, "मैं शो में काजू की भूमिका निभा रही हूं, जो उत्तराखंड में एक टूरिस्ट गाइड है। उस स्थान पर महिला पर्यटक गाइडों की संख्या कम है और वो इस पुरुष प्रधान समाज में रूढ़िवादी सोच को खत्म करने की पूरी कोशिश कर रही है।" पंखुड़ी ने अपने किरदार को चुनने को लेकर बताते हुए कहा "मैं हमेशा इस बात का ख्याल रखती हूँ कि मुझे ऑफर किया जाने वाला किरदार पहली बार में ही तुरंत प्रभावित करे। उसमें कुछ ऐसा होना चाहिए, जिसे मैं एक्सप्लोर कर सकूं। मैंने अब तक जो भी किरदार निभाए हैं चाहे वह बड़े हों या छोटे सभी का एक अपना सफर रहा है। मैंने अपने पिछले शोज में कई ऐसे कई महत्वपूर्ण किरदार निभाए हैं, जिसने समाज में अपने हक को लेकर लड़ाई की है। ये सभी भूमिकाएं उस समाज से खुदको जोड़ती हैं, जिसमें हम रहते हैं"।

## डिलीवरी होने तक रहेगीं सेट से दूर

मुंबई। कॉमेडियन भारती सिंह इन दिनों अपना प्रग्नेंसी फेज एन्जॉय कर रही हैं। हालांकि प्रेग्नेंट होने के बावजूद भी भारती अपने काम को लेकर काफी पेशनेट हैं। वो रिएलिटी शो 'हुनरबाजः देश की शान' में बतौर होस्ट



काम करती नजर आ रही हैं। हाल ही में फोटोग्राफर विरल भयानी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर भारती सिंह का स्पॉटेड वीडियो शेयर किया है। इसमें भारती ने टेलीविजन इंडस्ट्री से दूरी बनाने की बात की है। हुआ यूं कि भारती अपने लंच टाइम पर वैनिटी वैन के पास जाकर खड़ी हो गई। तभी उन्हें फोटोग्राफरों ने घेर लिया, उनके सवालों का जवाब देते हुए भारती ने बताया कि आज उनका लास्ट शूट है। इस पर एक फोटोग्राफर ने उनसे कहा कि अब हम आपको बहुत मिस करेंगे। इतने में शॉक्ड होकर भारती कहती हैं कि, 'अरे मिस क्या करना है अमेरिका थोड़ी जा रही हूं। बस कुछ दिनों के लिए सेट से दूर हूं पर जैसे ही बच्चे की डिलीवरी हो जाएगी। मैं वैसे ही वापस आ जाऊंगी।' भारती की इस बात को सुनने के बाद एक चीज तो साफ हो गई है कि वो अब उनके बच्चे की डिलीवरी होने तक टीवी पर नजर नहीं आएंगी।

## कंगना के सिर चढ़कर बोल रही फिल्म आरआरआर



मुंबई। एक्ट्रेस कंगना रनौत ने फिल्म आरआरआर की तारीफ की है। एक्ट्रेस ने फिल्म को ब्लॉकबस्टर बताया। कंगना को ये फिल्म इस वजह से पसंद आई, क्योंकि फिल्म देशभक्ति से भरी हुई है और ये एक्ट्रेस का पसंदीदा विषय है। कंगना ने फिल्म की तारीफ करते हुए कहा कि आरआरआर में सब कुछ है, जो होना चाहिए एक फिल्म में। ये एक ब्लॉकबस्टर फिल्म है। इससे पहले भी कंगना रनौत एसएस राजामौली की तारीफ कर चुकी हैं। उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा था, राजामौली सर ने साबित कर दिया कि वह अब तक के सबसे महान फिल्म डायरेक्टर हैं। उन्होंने अब तक कोई असफल फिल्म नहीं दी। कंगना ने राजामौली की सादगी की तारीफ की थी और कहा था कि वह अपने धर्म और राष्ट्र को बहुत प्यार करते हैं।

## 'खुफिया' के फाइनल शेड्यूल के लिए कनाडा रवाना हुईं तब्बू

मुंबई। तब्बू और अली फजल फिल्म निर्माता विशाल भारद्वाज की आने वाली फिल्म 'खुफिया' के फाइनल शेड्यूल के लिए कनाडा



रवाना हो गए हैं। विशाल भारद्वाज निर्मित और निर्देशित, इसमें दो अभिनेताओं के अलावा वामीका गब्बी और आशीष विद्यार्थी भी हैं। खबर है कि फिल्म जल्द ही पूरी होने वाली है क्योंकि कास्ट और क्रू ने कनाडा में फिल्म के आखिरी शेड्यूल की शूटिंग शुरू कर दी है। खुफिया के यूनिट के एक करीबी सूत्र के अनुसार, "फिल्म का अंतिम शेड्यूल जल्द ही शुरू होने वाला है। अली फजल और तब्बू जल्द ही देश छोड़ने वाले हैं और कनाडा में विशाल सर के साथ शूटिंग शुरू करेंगे। वह शूटिंग पहले करनेवाले थो लेकिन जनवरी में ओमिक्रॉन वेरिएंट की लहर के कारण इसे और आगे बढ़ाया गया था।" 'खुफिया' सच्ची घटनाओं से प्रेरित है और अमर भूषण के एक जासूसी नोवल 'एस्केप टू नोव्हेयर' पर आधारित है।

## सारा गुजरात में कर रहीं गैसलाइट की शूटिंग...

मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान फिल्म 'गैसलाइट' की शूटिंग में बिजी है। सारा अली खान जिस जगह पर शूटिंग कर रही होती हैं वहां के फेमस जगहों पर जरूर जाती हैं। सारा ने इंस्टाग्राम पर विक्रांत के साथ मंदिर की कुछ फोटोज भी शेयर की हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा है, 'नाइस टू हैव यू मेरे साथ, फिल्मिंग, इंस्पायरिंग, होल्डिंग माई हाथ, साथ रहना और मदद करना हर एक बार, थैंक्यू, जय भोलेनाथ।' सारा अली खान अक्सर अपनी फिल्मों की शूटिंग की छुट्टियों के दौरान शिव मंदिरों और अन्य पवित्र स्थानों पर जाती हैं। सारा भगवान में बहुत विश्वास रखती हैं और वह हमेशा शूटिंग के दौरान या अपनी किसी भी फिल्म की रिलीज से पहले भगवान का आशीर्वाद लेती हैं। 'गैसलाइट' के बारे में बात करते हुए एक सूत्र ने बताया कि फिल्म का एक बड़ा हिस्सा राजकोट में शूट किया जाएगा और फिल्म की बाकी शूटिंग मुंबई में जारी रहेगी। कास्ट और क्रू फिलहाल गुजरात में फिल्म के पहले सीक्वेंस की शूटिंग कर रहे हैं।



### गुड बैक्टीरिया से भरपूर दही को सुपरफूड्स की कैटिगरी में रखा जाता है

## गर्मियों में दही के सेवन से डाइजेशन रहता हेल्दी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दही गर्मियों के दिनों में खाना ज्यादा पसंद करते हैं। दही में कैल्शियम, पोटैशियम, मैग्नीशियम, प्रोटीन, आयरन, लैक्टोज, विटामिन डी, बी2, बी12, बी6 जैसे कई पोषक तत्व पाए जाते हैं,जो शरीर की सेहत बनाने का काम करते हैं। प्रोबायोटिक्स यानी गुड बैक्टीरिया से भरपूर दही को सुपरफूड्स की कैटिगरी में रखा जाता है।

### पेट में नहीं होता संक्रमण

पाचन तंत्र को साफ करने के लिए दही में मौजूद अच्छे बैक्टीरिया की बहुत बड़ी भूमिका होती है। रोज खाने के साथ एक कटोरी दही लेने से पाचन तंत्र ठीक रहता है। अगर आप इसे भोजन के साथ लेते हैं तो यह अन्य भोजन के न्यूट्रिशन को भी बॉडी में ऑब्जर्व करने में मदद करता है। एक शोध के मुताबिक, दही के प्रयोग से आपके पेट में किसी भी तरह का संक्रमण नहीं होता। पेट की खराबी के इलाज के लिए बहुत अच्छा माना जाता है। अगर आप संक्रमण से जूझ रहे हैं तो आपको जरूर दही का सेवन करना चाहिए।



### हड्डियों मजबूत बनाने में सहायक

कैल्शियम और फास्फोरस में समृद्ध दही मजबूत हड्डियों और दांतों के विकास में मदद करता है। कैल्शियम से भरपूर होने के कारण दही हड्डियों के साथ-साथ हमारे दांतों के लिए भी बहुत अच्छा होता है।

### ब्लड प्रेशर को करता कंट्रोल

दही ब्लड प्रेशर को भी कंट्रोल करने में मदद करता है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के एक रिसर्च की मानें तो रोजाना दही खाने से हाइपरटेंशन का खतरा कम होता है। लेकिन जरूरी है कि बिना फैट वाला दही खाएं।

### इम्यूनिटी मजबूत बनाता

दही में मौजूद अच्छे बैक्टीरिया के कारण संपूर्ण स्वास्थ्य बेहतर होता है और यह आपकी इम्यूनिटी को मजबूत बनाने का काम करता है। दही में प्रोबायोटिक गुण होता है,जो गुड बैक्टेरिया को कैरी करता है। यह बैक्टेरिया शरीर पर बाहरी बैक्टेरिया के आक्रमण में रक्षा करता है और किसी भी तरह की बीमारी को होने से रोकता है। यह वेजाइनल इन्फेक्शन को भी होने से रोकता है। गर्मियों में रोजाना दही का सेवन इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने में मदद करेगा।

### हार्ट डिजीज से बचाव

दही के रेग्युलर प्रयोग से धमनी एरिया में कोलेस्ट्रॉल जमा नहीं होता, जिससे यह आपको कोरोनरी हार्ट डिजीज से भी बचाता है। यही नहीं, यह हाइपरटेंशन सिंप्टम से भी दूर रख सकता है।

### वजन कम करने में मददगार

दही प्रोटीन से भरपूर होता है और इसमें जरूरी पोषक तत्वों के साथ हेल्दी फैट भी होता है, निश्चित रूप से इसका उपयोग अच्छे फैट वाले आहार के लिए किया जा सकता है। दही वजन घटाने में भी आपकी मदद करता है। कम फैट वाले दही का सेवन उन लोगों के लिए बेहद अच्छा है, जो हाई कोलेस्ट्रॉल जैसी समस्या से पीड़ित हैं।

### स्ट्रेस को करता है कम

दही को ग्रेट मूड लिफ्टर माना जाता है। अगर आप स्ट्रेस से गुजर रहे हैं या कई तरह के इमोशन से होकर गुजर रहे हैं तो आपको भोजन में दही शामिल करना चाहिए। यह आपके मूड को लिफ्ट कर सकता है।

# सीएम योगी ने सभी मंत्रियों के विभागों की कार्य योजना तय की

**100 दिन का एजेंडा ही बनेगा मंत्रियों के काबिलियत की परीक्षा, भ्रष्टाचार के साथ ही विभाग और सेतु निगम, निर्माण निगम हैं घाटे में**

लखनऊ। यूपी में सीएम योगी आदित्यनाथ ने सभी मंत्रियों को उनके विभागों की कार्य योजना तय कर दी है। सौ दिन में इस कार्ययोजना पर अमल की तैयारियों के निर्देश दे दिए हैं। सीएम की मंशा साफ है कि विभागों में बेहतरी से कार्य हों और आम जनता को सीधे योजनाओं को फायदा पहुंचे। कई विभाग ऐसे हैं जिनमें हर कदम पर चुनौतियां हैं। पीडब्ल्यूडी में पिछले कई मंत्रियों ने सिर्फ अफसरों के साथ विभागीय बेहतरी के लिए बैठकें की, लेकिन उस विभाग के संघ के पदाधिकारियों से दूरी बनाए रखी। जिससे मंत्रियों को विभाग के बारे में जो अफसरों ने बताया वही नजर आया और विभाग में भ्रष्टाचार का काकश पनपने के साथ ही विभाग और कार्यदाई संस्थाएं सेतु निगम और निर्माण निगम घाटे में चले गए। संघ और अफसरों के साथ बैठक करने से पारदर्शी सूरत विभाग की मंत्री के सामने आती और सुधार की सलाह भी मिलती। यूपी की सबसे ख्याति प्राप्त बिल्डिंग निर्माण की कार्यदाई संस्था निर्माण निगम को कई राज्यों में काम नहीं मिल रहा। उत्तराखंड में निर्माण निगम पर से ब्लैक लिस्टेड का



लेबल हटाने की चुनौती है। जबकि निर्माण निगम कभी छह हजार करोड़ का टर्न ओवर था अब महज दो हजार करोड़ बचा है। उत्तराखंड में ब्लैक लिस्टेड, महाराष्ट्र, चंडीगढ़, आसाम बिहार , पश्चिम बंगाल में यूपीआरएनएन को पहले की तरह काम नहीं मिलने की चुनौती दिख रही है। वहीं ईपीसी मोड पर दूसरे राज्य असम समेत अन्य राज्यों में कार्य किए जा रहे लेकिन यूपी में सीलिंग लगी होने से यूपी में प्रॉजेक्ट नहीं मिल रहे। पीडब्ल्यूडी ने तीन साल में 13 मेडिकल कालेज में एक भी नहीं बने जबकि निर्माण निगम ने आठ से ज्यादा मेडिकल कालेज योगी सरकार में बनाए। पीडब्ल्यूडी ने एक मेडिकल कालेज बनाने में लागत 320 करोड़ हुई जबकि निर्माण निगम ने 260करोड़ में मेडिकल कालेज बनाए। छह हजार करोड़ वाले निर्माण निगम का टर्न ओवर महज दो हजार करोड़ बचा है। पांच साल में निर्माण निगम में इंजीनियरों का यांत्रिक संवर्ग का कोई प्रमोशन नहीं हुआ। जिससे इंजीनियरों में रोष है।

निर्माण निगम वाले जेई को प्रमोशन नहीं मिलने से उनके बैचमेट पीडब्ल्यूडी में प्रमोशन पाकर चीफ इंजीनियर हो गए। हर साल डीपीसी होनी चाहिए लेकिन पांच साल से प्रमोशन नहीं मिलने से इंजीनियरों का मनोबल कमजोर हुआ। निर्माण निगम के इंजीनियर खाली सैलरी ले रहे और उनकी जगह पीडब्ल्यूडी से डेपुटेशन पर तैनात इंजीनियर जिम्मेदार पदों पर काबिज है। सेतु निगम ने एक दौर में ईराक नेपाल से लेकर देश के कई राज्यों में ब्रिज बनाए हैं। अब नौबत यह है कि अपने ब्रिज प्राईवेट कंपनियों को बनाने को दे रहे हैं। अयोध्या में चार ब्रिज सेतु निगम को बनाने थे वह वार्टिकल टेंडर से निजी कंपनियों को दे दिए। जबकि सरकार सेतुनिगम को कार्य देती है। सिक्योरिटी सेतुनिगम की जमा होती और काम निजी कंपनियां करती हैं।

# इलाहाबाद हाईकोर्ट में गवाही देने आई लड़की से होटल में गैंगरेप

प्रयागराज। यूपी के प्रयागराज में एक लड़की के साथ गैंगरेप किया गया है। दरअसल इलाहाबाद हाईकोर्ट में अपने साथ हुए दुष्कर्म के केस में गवाही देने आई युवती के साथ सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के एक होटल में गैंगरेप किया गया। ये करतूत करने वाला शख्स कोई और नहीं, पहले से चल रहे दुष्कर्म के केस के आरोपी का भाई है। युवती कोर्ट जाने से पहले जिस होटल में ठहरी थी। वहीं खाने में उसे नींद की गोली दी गई, फिर गैंगरेप हुआ। बाद में उसकी अश्लील वीडियो बनाकर उसे वायरल करने की धमकी दी गई। आरोपी ने हाईकोर्ट में मनमाफिक गवाही भी दिलवा ली। 30 मार्च को युवती ने सिविल लाइंस थाने पहुंचकर केस दर्ज कराया है। पीड़िता गोरखपुर की रहने वाली बताई जा रही है। उसने सिविल लाइंस थाने में दी गई तहरीर में कहा है कि जनवरी 2021 में वह एक मुकदमे के सिलसिले में इलाहाबाद हाईकोर्ट में गवाही देने आई थी।

गोरखपुर के धर्मशाला निवासी बृजेश कुमार उसे गवाही के लिए अपने साथ लेकर आया था। वे सिविल लाइंस के एक होटल में रुके थे। वहां दोनों ने साथ में खाना खाया। जिसके बाद मुझे कुछ याद नहीं रहा। उसे खाने में नींद की गोलियां मिला दी गई थीं। जब मुझे होश आया तो मेरे कपड़े बिखरे पड़े थे। युवती का आरोप है कि उसे नींद की गोली दी गई थी। उसके साथ दो लोगों ने गैंगरेप किया। बाद में, उसे वीडियो दिखाकर उसे वायरल करने की धमकी दी गई। धमकाकर अपने हिसाब से हाईकोर्ट में गवाही भी दिलाई गई। सिविल लाइंस इंस्पेक्टर का कहना है कि युवती के आरोपों में कितनी सच्चाई है, इसकी जांच शुरू कर दी गई है। फिलहाल युवती ने आरोपी ब्रजेश कुमार के चचेरे भाई के खिलाफ गोरखपुर में पहले से ही धारा 376 के तहत मुकदमा दर्ज करा रखा है। इसी मामले में युवती बृजेश कुमार के साथ गोरखपुर से प्रयागराज आई थी।

सूत्रों के मुताबिक आरोपी बृजेश के भाई के ऊपर युवती द्वारा लगाए गए दुष्कर्म के आरोप के मामले में युवती की गवाही होनी थी। बृजेश कुमार ने युवती से वादा किया था कि अगर वो इस मुकदमें में उसके मुताबिक गवाही दे देती है, तो वह उसकी और उसके चचेरे भाई की शादी करा देगा। बाद में युवती ने बृजेश के ऊपर भरोसा करके गवाही दी। लेकिन ब्रजेश अपने वादे से मुकर गया। दोनों की शादी नहीं कराई। इसी बात से युवती बृजेश कुमार से नाराज है। फिलहाल पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पुरातन छात्र अभिभावक अंकपत्र सम्मान वितरण समारोह संपन्न

प्रखर केराकत जौनपुर। स्थानीय क्षेत्र के छितौना प्राथमिक विद्यालय में दोपहर पुरातन छात्र अभिभावक अंकपत्र सम्मान समारोह का आयोजन फौजी सुबास यादव के नेतृत्व में किया गया। बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे खण्ड विकास अधिकारी काशीनाथ सोनकर व विशिष्ठ अतिथि प्रभारी निरीक्षक लक्षण पर्वत रहे।मुख्य अतिथियों को फौजी सुबास ने माल्यार्पण कर



स्वागत किया। बतौर विशिष्ठ पहुंचे प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि बच्चे देश के भविष्य है इन्ही बच्चो में से कोई बच्चा कल आईएएस पीसीएस बनकर देश की सेवा करेगा।इसलिए एक वक्त खाना कम खाना मगर बच्चों को जरूर पढ़ाना। विद्यालय से उत्तीर्ण हुए बच्चो को अंक पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन धर्मेंद्र कुमार ने किया इस अवसर पर केराकत प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष शिवबचन यादव,कैलाश मौर्य,प्रधानाध्यापक मिठाई लाल, लालता मौर्य,धर्मराज यादव,रंजित मौर्य, छेदी लाल सरोज,कैलाश यादव,प्राथमिक शिक्षा संघ के कोषाध्यक्ष अमित चौरसिया व वरिष्ठ उपाध्यक्ष राममिलन यादव समेत भारी तादात में ग्रामीण मौजूद रहे।

# भारत जैसे विविधतापूर्ण देश के लिए सबसे उपयुक्त लोकतंत्र : सीजेआई एनवी रमण

नई दिल्ली। देश के प्रधान न्यायाधीश एनवी रमण ने कहा कि भारत जैसे विविधतापूर्ण देश के लिए लोकतंत्र सबसे उपयुक्त है। सीजेआई रमण ने कहा कि तानाशाही शासन के जरिए देश की समृद्ध विविधता को कायम नहीं रखा जा सकता। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के स्थापना दिवस पर 19वां डीपी कोहली स्मृति व्याख्यान देते हुए न्यायमूर्ति रमण ने कहा, ह्यलोकतंत्र के साथ हमारे अब तक के अनुभव को देखते हुए, यह संदेह से परे साबित होता है कि लोकतंत्र हमारे जैसे बहुलवादी समाज के लिए सबसे उपयुक्त है। उन्होंने कहा, तानाशाही शासन के माध्यम से हमारी समृद्ध विविधता को कायम नहीं रखा जा सकता। लोकतंत्र के माध्यम से ही हमारी समृद्ध संस्कृति, विरासत, विविधता और बहुलवाद को कायम रखा और मजबूत किया जा सकता है। लोकतंत्रः जांच एजेंसियों की भूमिका और जिम्मेदारी पर अपने व्याख्यान में न्यायमूर्ति रमण ने कहा, लोकतंत्र



को मजबूत करने में हमारा निहित स्वार्थ है, क्योंकि हम अनिवार्य रूप से जीने के लोकतांत्रिक तरीके में विश्वास करते हैं। हम भारतीय अपनी स्वतंत्रता से प्यार करते हैं। जब भी हमारी स्वतंत्रता को छीनने के लिए कोई प्रयास किया गया है, हमारे सतर्क नागरिकों ने निरंकुश लोगों से सत्ता वापस लेने में संकोच नहीं किया। उन्होंने कहा कि इसलिए यह आवश्यक है कि पुलिस और जांच निकायों सहित सभी संस्थान लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखें और उन्हें मजबूत करें। न्यायमूर्ति रमण ने कहा, उन्हें किसी भी सत्तावादी प्रवृत्ति को पनपने नहीं देना चाहिए। उन्हें संविधान के तहत निर्धारित लोकतांत्रिक ढांचे के भीतर काम करने की जरूरत है। कोई भी विचलन संस्थानों को नुकसान पहुंचाएगा और हमारे लोकतंत्र को कमजोर करेगा। उन्होंने कहा कि पुलिस और जांच एजेंसियों की वास्तविक वैधता हो सकती है, लेकिन फिर भी संस्थानों के रूप में, उन्हें अभी भी सामाजिक वैधता हासिल करनी है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, पुलिस को निष्पक्ष रूप से काम करना चाहिए और अपराध की रोकथाम पर ध्यान देना चाहिए। उसे समाज में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जनता के सहयोग से भी काम करना चाहिए। उन्होंने विभिन्न जांच एजेंसियों को एक छत के नीचे लाने के लिए एक स्वतंत्र निकाय बनाने का भी आह्वान किया।

# पुलिस अधीक्षक ने मिशन शक्ति अभियान का किया शुभारम्भ

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक द्वारा जिला पंचायत सभागार में आज दिन शनिवार को मिशन शक्ति कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं



एवं बच्चियों को उनके सुरक्षा, स्वालंबन एवं स्वाभिमान के संबंध में जागरूक किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा महिलाओं के सुरक्षा के लिए चलाए जा रहे विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, यूपी-112 आदि के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया तथा महिलाओं तथा बच्चियों से अपील की गई कि वह किसी भी प्रकार के अपने साथ हो रहे अपराध के संबंध में चुप न रहे, बल्कि शिकायत करें, जिससे अपराध करने वालों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जा सके। इसके उपरांत पुलिस अधीक्षक द्वारा एमजेआरपी पब्लिक स्कूल में जाकर वहां उपस्थित छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान के तहत विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई तथा उन्हें जागरूक किया गया।

## सीएम ठाकरे ने वलसे पाटिल से नाराजगी की खबरों को बताया आधारहीन

मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने शुक्रवार को उन खबरों को खारिज किया, जिनमें कहा गया है कि वह राज्य के गृहमंत्री दिलीप वलसे पाटिल से नाराज हैं। ठाकरे का यह बयान आने से पहले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता वलसे पाटिल ने मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर उनसे मुलाकात की। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, ठाकरे ने कहा मुझे अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों पर पूरा भरोसा है और वे बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। ऐसी खबरें आधारहीन और भ्रामक हैं। वलसे पाटिल ने भी इस खबर का खंडन किया कि मुख्यमंत्री उनसे नाराज हैं। उन्होंने कहा सुबह ठाकरे के साथ हुई बैठक प्रशासनिक कामकाज के लिए पहले से तय थी। उन्होंने कहा मैं शाम को फिर से मुख्यमंत्री से मिलने जा रहा हूं। ऐसी अटकलें थीं कि देवेंद्र फडनवीस के आरोप पर वलसे पाटिल के जवाव से ठाकरे खुश नहीं हैं।

# एनएचएआई के बड़े अधिकारी के आवास व कार्यालय में सीबीआई ने मारा छापा

नई दिल्ली। केंद्रीय जांच एजेंसी (सीबीआई) ने राजमार्ग (एनएच 74) घोटाले में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के एक बड़े अधिकारी के आवास और कार्यालय में छापेमारी की है। जानकारी के भी मिल रही है कि यहां से सीबीआई ने तमाम दस्तावेज भी बरामद किए हैं। सीबीआई के सूत्रों के मुताबिक, इस मामले में फिलहाल सीबीआई की ओर से केस दर्ज नहीं किया गया है। सीबीआई दिल्ली और देहरादून की संयुक्त टीम गुरुवार को दोपहर में ईसी रोड पर स्थित द सालिटेयर रेजिडेंसी पहुंची। सीबीआई को देख इस अपार्टमेंट में अफरा-तफरी मच गई। सीबीआई टीम के सदस्य अधिकारी के फ्लैट में पहुंचे और बाहर पुलिस की तैनाती कर दी। इसके अलावा सीबीआई ने एनएचआई के ऑफिस में भी छापेमारी की। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार के आदेश पर सीबीआई प्राथमिक जांच कर रही है। इसके तहत यह कार्यवाई की जा रही है। सीबीआई ने गुरुवार देर रात तक एनएचआई अधिकारी के देहरादून में स्थित तीन ठिकानों पर कार्रवाई की। एनएचआई के इस अधिकारी के घर में बड़ी संख्या में दस्तावेज बरामद किए गए हैं। इस कार्यवाही पर सीबीआई के स्थानीय अधिकारी कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। साल 2012-13 में हरिद्वार से सितारगंज तक 252 किलोमीटर दूरी के एनएच-74 के चौड़ीकरण की प्रक्रिया की शुरूआत की गई थी। साल 2013 में एनएचआई ने एक नोटिफिकेशन भी जारी किया था। नोटिफिकेशन के मुताबिक, चौड़ीकरण के दायरे में आने वाली जमीन जिस भी कंडीशन में है, उसी उसी आधार पर मुआवजा दिया जाएगा। इसमें जमीन के खसरा नंबर का भी जिक्र किया गया था। कुछ किसानों ने अफसरों, कर्मचारियों और एजेंटों की मिलीभगत से बैकडेट में कृषि जमीन को अकृषि जमीन दिखाकर सरकार से करोड़ों का मुआवजा लिया था। जिससे सरकार को करोड़ों रुपयों का नुकसान झेलना पड़ा। इस मामले में कई बार शिकायत की गई तब जाकर 1 मार्च 2017 को तत्कालीन कुमाऊं आयुक्त सेंथिल पांडियन रुद्रपुर में कलेक्ट्रेट में अफसरों के साथ मीटिंग की थी। उनके द्वारा तब एनएच- 74 के निर्माण कार्य पर धांधली की आशंका भी जताई थी। उन्होंने इसी आधार पर उधम सिंह नगर के तत्कालीन डीएम को जांच करने के भी आदेश दिए थे। इस पर 11 मार्च 2017 को तत्कालीन एडीएम प्रताप साह ने एनएच घोटाले का केस सिडकुल चौकी में दर्ज कराया था। जांच में कई अधिकारियों के नाम सामने आए थे।

## मंगारी में माता का हुआ श्रृंगार



प्रखर पिंडरा। हिन्दू नववर्ष व नवरात्र पर्व पर मंगारी स्थित मां दुर्गा प्रतिमा का वार्षिक श्रृंगार गेंदा व गुलाब के फूलों से किया गया। इस दौरान पूरे मन्दिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। इस दौरान प्रसाद का भी वितरण किया गया। श्रृंगार के दौरान कृष्ण कुमार सेठ, श्याम मोहन गुप्ता, रिंकू गुप्ता, पंकज सेठ , कृष्णा देवी, संतोष गोंड, अंकित विश्वकर्मा, डिम्पल जायसवाल समेत अनेक भक्तगण रहे।

## गाजियाबाद मॉल के बेसमेंट में चल रहे स्पा सेंटर में होता था देह व्यापार

गाजियाबाद। गाजियाबाद के कौशांबी थाना क्षेत्र के वैशाली सेक्टर-3 स्थित एक मॉल के बेसमेंट के चल रहे स्पा सेंटर में पुलिस-प्रशासन की टीम ने गुरुवार देर रात छापेमारी कर यहां चल रहे देह व्यापार के धंधे का भंडाफोड़ किया। टीम ने मौके से स्पा सेंटर संचालिका सहित चार युवती व पांच युवकों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने नौ आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस फरार स्पा संचालक की तलाश में जुटी है। वैशाली सेक्टर-3 स्थित एक मॉल के बेसमेंट में स्पा सेंटर संचालित हो रहा था। पुलिस को सेंटर की आड़ में महिलाओं को बहला-फुसलाकर देह व्यापार का काम कराए जाने की जानकारी मिली थी। गुरुवार रात को सीओ इंदिरापुरम अभय कुमार मिश्रा व अपर नगर मजिस्ट्रेट द्वितीय निखिल चक्रवर्ती ने टीम के साथ मिलकर मॉल पहुंचे। उन्होंने मॉल के बेसमेंट में चल रहे स्पा सेंटर में छापा मारा। पुलिस को देखकर मौके पर भगदड़ मच गई। इस दौरान टीम को सेंटर के रिसेप्शन पर युवती व युवक बैठे मिले, जबकि सोफे पर एक युवती सहित तीन लोग मिले और सेंटर के अंदर दो कमरे बंद थे। कमरों को खुलवाने पर दो जोड़े आपत्तिजनक स्थिति में मिले। पुलिस को मौके से 13 हजार रुपये की नकदी सहित कई मोबाइल भी मिले। पुलिस द्वारा पकड़े गए सभी लोगों से सख्ती से पूछताछ की गई। कौशांबी थाना प्रभारी सचिन मलिक ने बताया कि युवतियों ने बताया कि उनके पास रोजी-रोटी का कोई जरिया नहीं है। कुछ दिनों पहले उनकी मुलाकात रिसेप्शन पर बैठी संचालिका से हुई थी। उन्हीं के माध्यम से ही सभी सेंटर पर पहुंची थी। उसने उन्हें अधिक पैसे कमाने का लालच दिया था। उसके झांसे में आकर वो भी देह व्यापार के गंदे धंधे में शामिल हो गईं। पुलिस ने दिल्ली निवासी नितिन, राशिद व गाजियाबाद निवासी अजय, कुनाल, अंकित साहित चारों युवतियों के खिलाफ अनैतिक देह व्यापार अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

## ब्रिटेन की विदेश मंत्री ट्रस को जयशंकर की दो टूक, कहा- रूस से ज्यादा तेल खरीद रहा है यूरोप

नई दिल्ली। रूस-यूक्रेन के बीच जारी जंग के बीच ब्रिटेन की विदेश मंत्री लिज ट्रस भारत दौरे पर आई हुई थी। भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर से उनकी मुलाकात भी हुई। इस मुलाकात में दोनों के मतभेद खुलकर नजर आए। बहुत से देश भारत की इसलिए भी आलोचना कर रहे हैं कि उसने रूस के खिलाफ कड़ा रुख नहीं अपनाया है, इन्हीं आलोचनाओं का जवाब भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर दिया। ब्रिटिश विदेश मंत्री लिज ट्रस की मौजूदगी में भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा यूरोप रूस से युद्ध के पहले की तुलना में ज्यादा तेल खरीद रहा है। जयशंकर ने यह भी कहा कि जब तेल की कीमतें बढ़ती हैं, तो यह स्वाभाविक है कि कोई भी देश बाजार में जाकर देखेगा कि उनके लोगों के लिए अच्छा सौदा क्या है। जयशंकर ने कहा मुझे विश्वास है कि हम दो-तीन महीने तक इंतजार करें और वास्तव में देखें कि रूसी तेल और गैस का सबसे बड़ा खरीदार कौन है, तुम मुझे शक है की सूची पहले की तुलना में अलग नहीं होगी।

# एमसीएच विंग में मची लूट खसोट का शिकार हो रही गरीब जनता

प्रखर मिर्जापुर। योगी सरकार 2.0 की खौफ ने अच्छे अच्छे माफियाओं की कमर तोड दी, भ्रष्टाचारी भूमिगत नजर आ रहे हैं लेकिन योगी सरकार के फरमान का स्वास्थ विभाग पर कोई असर पड़ता नहीं दिखाई दे रहा है। महिला अस्पताल परिसर में संचालित सौ शैय्या युक्त मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य इकाई एमसीएच विंग की व्यवस्था इस कदर बदहाल हो चुकी है कि इसे पटरी पर लाना मानो रातो रात संजीवनी बूटी लाने जैसा हो गया है। यहां तैनात चिकित्सको, स्वास्थकर्मियों को कमीशनखोरी धनउगाही की ऐसी बीमारी लगी है कि जिसका ईलाज शायद ही यहां के जनप्रतिनिधियों, नौकरशाहों के पास हो, कहने को तो सरकारी धन और सरकारी गाइड लाइन से संचालित इस भवन में सभी सुविधाए मरीजों के लिए निःशुल्क उपलब्ध है किन्तु संस्थान की वर्तमान व्यवस्था में प्रसव/ईलाज कराने आने वाले मरीजों व उनके तीमारदारों के अनुसार एमसीएच विंग में ईलाज कराने का खर्चा किसी निजी अस्पताल अथवा नर्सिंग होम में ईलाज/प्रसव में होने वाले खर्च से कम नहीं होता।

**कहने भर को रह गई सरकारी व्यवस्था, चिन्हित मेडिकल, लैब, नर्सिंग होम से हाथ मिलाकर हो रही कमीशनखोरी**

**बाहर हो रही जांच, मंगाई जा रही महंगी ब्रांडेड दवाई**– मिर्जापुर/शासन के निर्देश के अनुसार एमसीएच विंग में मरीजों को दी जाने वाली सभी तरह की दवा की व्यवस्था सरकार द्वारा कि गई है इसके बावजूद भी अगर किसी मरीज को बाहर की दवा की जरूरत पड़ती है तो परिसर में प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्र खोला गया है जहां सभी तरह की सस्ती तथा जेनरिक दवाइयां उपलब्ध है जिससे मरीजों का उपचार किया जा सकता है इसी तरह विंग में पैथालॉजी लैब, अल्ट्रासाउंड मसीन की व्यवस्था है जिससे मरीजों का निःशुल्क जांच हो जाए लेकिन यहां तैनात स्वास्थ्यकर्मियों की कमीशनखोरी, धनलोलुपता जैसी विकृत मानसिकता के चलते मरीजों को बाहर के मेडिकल स्टोर से महंगी ब्रांडेड दवा लिखी जा रही है तथा अल्ट्रासाउड व जांच के लिए भी मरीजों को एक चिन्हित पैथालॉजी में भेजा जा रहा है।




**निजी नर्सिंग होम में भेजे जा रहे मरीज**– मिर्जापुर/करोड़ों रुपए खर्च कर स्थापित सौ शैय्या युक्त मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य विंग की स्थापना का उद्देश्य गंभीर दशा मरीजों को ईलाज के लिए वाराणसी प्रयागराज जाने से रोकने के लिए किया गया था । वैसे तो जिला महिला अस्पताल में दैनिक ओपीडी सेवाएं तथा प्रसव, सिजर आदि की व्यवस्था संचालित होती आ रही है। किन्तु रात्रि में अथवा गंभीर स्थिति के मरीजों को बीएचयू वाराणसी, प्रयागराज उच्च संस्थानों के लिए रेफर किया जाता था जिससे मरीज व उनके तीमारदारों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता था। इसी से निजात दिलाने मरीजों की सहूलियत के लिए जनपद में एमसीएच विंग की स्थापना की गई जहां गंभीर स्थिति के मरीजों का समुचित इलाज हो सकें। किन्तु यहां तैनात चिकित्सक व कुछेक कर्मियों द्वारा पैसे की लालच में मरीजों को निजी अस्पताल व नर्सिंग होम का रास्ता दिखा दिया जाता है। खासकर शनिवार, रविवार के दिन आने वाले अधिकतर मरीजों को निजी अस्पताल में भेजा जाता है। सूत्रों के अनुसार बीते मार्च महीने में लगभग 100 मरीजों को निजी अस्पतालों में रेफर किया गया जिसपर प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ संजय पाण्डेय ने नाराजगी जताई थी।

**सुरक्षागार्डो की बल्ले बल्ले**– मिर्जापुर/एमसीएच विंग के मुख्य द्वार पर तैनात सुरक्षागार्ड की इन दिनों खूब चांदी है। मुखिया बना एस के सिंह के हाथ में में मानो पूरी कमान है। अपने आप को संस्थान के कई उच्चाधिकरियों का रिश्तेदार बताकर इस गार्ड द्वारा नीचे उपर के स्टाफ पर रौब गाठा जाता रहा है। इसके अलावा मेडिकल स्टोर पैथालॉजी से वसूली का भी कार्य इन्हीं गार्डों द्वारा किया जाता है।

**अपनी अपनी ढपली अपना अपना राग**– मिर्जापुर/एमसीएच विंग में मची लूट खसोट और तालिबानी फरमान का फायदा यहां तैनात कुछ स्वास्थ्यकर्मी अपने अपने ढंग से लेने में लगे हैं। सूत्रों के अनुसार गुटबाजी और जिम्मेदारों की जी हां हुजूरी करके स्वास्थ्यकर्मी मरीजों के परिजनों से अवैध रूप से धनउगाही कर रहे है सत्यता छिपाकर जिम्मेदारों को गलत रिपोर्ट दिया जा रहा है। पीपीपी मॉडल पर (एचआईएमएस) द्वारा संचालित स्वास्थ्य विंग की व्यवस्था इन दिनों सरकारी अस्पताल से भी बद्तर होती दिखाई दे रही है। साफ सफाई, ऑपरेशन, ड्रेसिंग, सभी व्यवस्थाओं के नाम पर सुविधा शुल्क लिया जा रहा है।

**जिम्मेदार बोले**- 1-एमसीएच विंग के संचालन का जिम्मा हेरिटेज इंस्टीट्यूट का जबकि मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी महिला अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक की है। यहां की काफी शिकायते मिल रही है इसपर जल्द से जल्द ठोस कार्यवाही की जाएगी।

डॉ राजीव सिंघल, मुख्य चिकित्साधिकारी मिर्जापुर।

2-- एमसीएच विंग मेरे अधिकार क्षेत्र से बाहर है, एसआईसी के के अंडर में है यदि कोई लिखित शिकायत करता है तो जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

डॉ संजय पाण्डेय, प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक जिला महिला अस्पताल मिर्जापुर।

3-- प्रसव ईलाज आदि में लगने वाली सभी तरह की दवाइयां एमसीएच विंग में पर्याप्त मात्रा में भेजी जाती है, इसके बावजूद अगर इस तरह से मरीजों को बाहर की महंगी दवाइयां लिखी जा रही है तो यह खेद का विषय है।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 3 | 2 | 1 | 4 |
| राजस्थान | 1 | 1 | 0 | 2 |
| दिल्ली | 1 | 1 | 0 | 2 |
| गुजरात | 1 | 1 | 0 | 2 |
| लखनऊ | 2 | 1 | 1 | 2 |
| बेंगलोर | 2 | 1 | 1 | 2 |
| पंजाब | 2 | 1 | 1 | 2 |
| चेन्नई | 2 | 0 | 2 | 0 |
| मुंबई | 1 | 0 | 1 | 0 |
| हैदराबाद | 1 | 0 | 1 | 0 |

**ऑरेंज कैप**



**आंद्रे रसेल**
95 रन
कोलकाता नाइट राइडर्स

**पर्पल कैप**



**उमेश यादव**
08 विकेट
कोलकाता नाइट राइडर्स

## खबर संक्षेप



### मीडिया अधिकार: छोटे ग्रुप भी लगाएंगे बोली

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मीडिया अधिकारों के लिए बड़े ग्रुप के ही बोली लगाने की उम्मीद है लेकिन कोषाध्यक्ष अरूण धूमल ने शुक्रवार को कहा कि 'नॉन-एक्सक्लूसिव' पैकेज के शुरू करने से छोटे ग्रुप को भी बोली प्रक्रिया में शामिल करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। बीसीसीआई ने 2023-2027 के मीडिया अधिकारों के लिए करीब 33,000 करोड़ रुपए का संयुक्त बेस प्राइस निर्धारित किया है जो मौजूदा अधिकारों के लिए स्टार इंडिया द्वारा दी जा रही राशि से दोगुना है।

### मैं 'स्पिन-फास्ट' गेंदबाज हूं: राशिद खान

नई दिल्ली। राशिद खान स्पिनर के शरीर में तेज गेंदबाज की मानसिकता के साथ उतरते हैं और गुगली तथा लेग ब्रेक को लगभग 100 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से फेंकने के दौरान कोई समझौता नहीं करते। वह 312 मैच में 436 विकेट चटका चुके हैं। राशिद इस सत्र में गुजरात टाइटंस की ओर से रहे हैं। राशिद ने साक्षात्कार में कहा, 'मैं जिस गति से गेंदबाजी करता हूं उसके कारण मैं 'स्पिन फास्ट' गेंदबाज हूं। इतनी गति पर गेंद को स्पिनर कराना बेहद मुश्किल होता है और मुझे लगता है कि इसके लिए अलग तरह के कौशल की जरूरत होती है।'



### लाहिड़ी पहले दौर के बाद सातवें स्थान पर

सैन एंटोनियो। भारत के अनिर्बान लाहिड़ी ने खराब शुरुआत से उबरकर वालेरो टेक्सास ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर में चार अंडर 68 का स्कोर बनाया जिससे वह संयुक्त सातवें स्थान पर हैं। तीन सप्ताह पहले 'द प्लेयर्स चैंपियनशिप' में उप विजेता रहे लाहिड़ी पहले 10 होल के बाद एक ओवर पर चल रहे थे लेकिन उन्होंने इसके बाद अंतिम आठ होल में शानदार वापसी करके पांच बर्डी बनायी। स्कॉटलैंड के रसेल नॉक्स ने पहले दौर में 65 का स्कोर बनाकर बढ़त हासिल की।



### 72 दिन चलेगा एथलीटों का अभ्यास शिविर

नई दिल्ली। हिमाचल प्रदेश में भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के शिलारू केंद्र में देश के विभिन्न राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई) में रह रहे जूनियर एथलीटों के लिए 72 दिन का शिविर आयोजित किया जाएगा। साइ ने बयान में कहा कि इस शिविर में जूनियर वर्ग में मध्यम और लंबी दूरी के 27 धावक भाग लेंगे। यह शिविर चार अप्रैल से शुरू होकर 14 जून तक चलेगा। एथलीटों के अलावा 11 कोच और अन्य सहयोगी स्टाफ भी इसका हिस्सा होंगे। साइ का शिलारू केंद्र का उपयोग ऊंचाई पर अभ्यास करने के लिये किया जाता है।

**क्रिकेट : आंद्रे रसेल के टूर्नामेंट में 150 छक्के पूरे**

# उमेश के 'चौके' और रसेल के 'धमाके' से जीता कोलकाता, पंजाब किंग्स को 6 विकेट से हराया

एजेंसी ▸▸ मुंबई

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग में शुक्रवार को यहां पंजाब किंग्स को छह विकेट से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। पंजाब किंग्स के 138 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए, केकेआर ने आंद्रे रसेल की 31 गेंद में आठ छक्कों और दो चौकों से नाबाद 70 रन की पारी की बदौलत 14.3 ओवर में चार विकेट पर 141 रन बनाकर आसान जीत हासिल की। कप्तान श्रेयस अय्यर ने भी 26 रन बनाए। पंजाब किंग्स की ओर से राहुल चाहर ने चार ओवर में सिर्फ 13 रन देकर दो विकेट चटकाए लेकिन टीम को हार से नहीं बचा पाए।

■ 150+ सिक्स लगाने वाले आंद्रे रसेल टूर्नामेंट के 12वें खिलाड़ी

उमेश (पर चार विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने पंजाब की टीम 18.2 ओवर में 137 रन पर सिमट गई थी। टिम साउथी ने भी उनका अच्छा साथ निभाते हुए दो विकेट चटकाए। पंजाब किंग्स की ओर से सबसे बड़ी साझेदारी उसके शीर्ष स्कोरर भानुका राजपक्षे (31) और शिखर धवन (16) के बीच दूसरे विकेट के लिए 41 रन की रही। राजपक्षे के अलावा कागिसो रबादा (25) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए।




### उमेश पावर प्ले में 50 विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज

कोलकाता के पेसर उमेश यादव ने पहले ही ओवर में पंजाब के कप्तान मयंक अग्रवाल को पगबाधा आउट किया। इस विकेट के साथ ही उमेश आईपीएल पावर प्ले में 50 विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज बने। पावर प्ले में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड संदीप शर्मा (53) के नाम पर दर्ज है। दूसरे नंबर पर जहीर खान और भुवनेश्वर कुमार का नाम आता है। दोनों ने 52-52 विकेट चटकाए। उमेश यादव आईपीएल में किसी एक टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। इस मैच में यादव ने 23 रन देकर 4 विकेट चटकाए। पंजाब किंग्स के खिलाफ उमेश कुल 33 विकेट ले चुके हैं। उनके बाद किसी एक फ्रेंचाइजी के खिलाफ सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में सुनील नरेन का नाम आता है।



### रसेल का 10वां अर्धशतक

आंद्रे रसेल ने तूफानी पारी खेलते हुए 31 गेंदों पर नाबाद 70 रन बनाए। रसेल ने 26 गेंदों में अपने आईपीएल कॅरियर का 10वां अर्धशतक पूरा किया। अपनी पारी में 8 छक्के लगाने वाले रसेल ने इस टूर्नामेंट में अपने 150 छक्के भी पूरे कर लिए हैं। आईपीएल में 150+ सिक्स लगाने वाले आंद्रे रसेल 12वें खिलाड़ी बने। कोलकाता की जीत में उन्होंने 5वें विकेट के लिए सैम बिलिंग्स (24) के साथ 47 गेंदों पर नाबाद 90 रन भी जोड़े।

### स्कोर बोर्ड

| पंजाब किंग्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मयंक पगबाधा बो उमेश | 01 | 05 | 0 | 0 |
| धवन का बिलिंग्स बो साउथी | 16 | 15 | 1 | 1 |
| राजपक्षे का साउथी बो मावी | 31 | 09 | 3 | 3 |
| लिव्हिंगस्टोन का साउथी बो उमेश | 19 | 16 | 1 | 1 |
| राज बावा बो नारायण | 11 | 13 | 1 | 0 |
| शाहरुख का राणा बो साउथी | 00 | 05 | 0 | 0 |
| हरप्रीत बरार बो उमेश | 14 | 18 | 1 | 1 |
| ओडियन नाबाद नाबाद | 09 | 12 | 0 | 1 |
| राहुल का राणा बो उमेश | 00 | 02 | 0 | 0 |
| रबाडा का साउथी बो रसेल | 25 | 16 | 4 | 1 |
| अर्शदीप सिंह रन आउट | 00 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 11, कुल : 18.2 ओवर में 137/10
गेंदबाजी : उमेश 4-1-23-4, साउथी 4-0-36-2, मावी 2-0-39-1, चक्रवर्ती 4-0-14-0, नारायण 4-0-23-1, रसेल 0.2-0-0-1.

| कोलकाता नाइट राइडर्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रहाणे का स्मिथ बो रबाडा | 12 | 11 | 3 | 0 |
| वेंकटेश का हरप्रीत बो स्मिथ | 03 | 07 | 0 | 0 |
| श्रेयस का रबाडा बो चाहर | 26 | 15 | 5 | 0 |
| सैम बिलिंग्स नाबाद | 24 | 23 | 1 | 1 |
| राणा पगबाधा बो चाहर | 00 | 02 | 0 | 0 |
| आंद्रे रसेल नाबाद | 70 | 31 | 2 | 8 |

अतिरिक्त : 06, कुल : 14.3 ओवर में 141/4
गेंदबाजी : अर्शदीप 3-0-32-0, रबाडा 3-0-23-1, स्मिथ 2-0-39-1, चाहर 4-1-13-2, हरप्रीत 2-0-20-0, लिविंगस्टोन 0.3-0-13-0.

## आईपीएल : 50 प्रतिशत बढ़ाई दर्शकों की क्षमता




एजेंसी ▸▸ मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के टिकट भागीदार 'बुकमाईशो' ने शुक्रवार को कहा कि मौजूदा सत्र में दर्शकों की क्षमता छह अप्रैल से बढ़ाकर 50 प्रतिशत तक कर दी गई है। महाराष्ट्र सरकार ने शुरू में सभी चार स्थलों मुंबई में वानखेड़े स्टेडियम और ब्रेबोर्न स्टेडियम, नवी मुंबई में डीवाई पाटिल स्टेडियम और पुणे में महाराष्ट्र क्रिकेट संघ स्टेडियम में 25 प्रतिशत दर्शकों की ही अनुमति दी थी। 'बुकमाईशो' ने मीडिया विज्ञप्ति में दावा किया, 'टिकटों की बिक्री अगले मैचों के लिए लाइव है क्योंकि बीसीसीआई ने स्टेडियम में दर्शकों की क्षमता 50 प्रतिशत तक बढ़ाने की घोषणा की है जो पहले 25 प्रतिशत तक सीमित थी जिससे पूरे भारत में कई और प्रशंसकों को स्टेडियम में आईपीएल मैच लाइव देखने का अनुभव हासिल करने का मौका मिलेगा।' महाराष्ट्र सरकार ने गुरुवार को फैसला किया कि दो अप्रैल से पूरे राज्य में कोविड-19 की सभी पाबंदियां हटा दी जाएंगी।

## मियामी ओपन : ओसाका फाइनल में मेदवेदेव हारकर नंबर-1 बनने से चूके

■ स्वियाटेक अगले सप्ताह जारी होने वाली रैंकिंग में शीर्ष पर हो जाएंगी काबिज



एजेंसी ▸▸ मियामी गार्डन्स

नाओमी ओसाका तीन सेट तक चले संघर्षपूर्ण मैच में जीत दर्ज करके मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के फाइनल में पहुंच गई। पुरुष एकल में दानिल मेदवेदेव क्वार्टर फाइनल में हारने के कारण फिर से नंबर एक रैंकिंग हासिल करने से चूक गए। विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी और यहां गैरवरीयता प्राप्त ओसाका ने सेमीफाइनल में 22वीं वरीय बेलिंडा बेनसिच को 4-6, 6-3, 6-4 से हराया।

नाओमी आस्ट्रेलियाई ओपन 2021 के बाद पहली बार किसी टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची हैं। ओसाका फाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त इगा स्वियाटेक से भिड़ेगी जिन्होंने एक अन्य सेमीफाइनल में 16वीं वरीय जेसिका पेगुला को 6-2, 7-5 से पराजित किया। स्वियाटेक अगले सप्ताह जारी होने वाली रैंकिंग में संन्यास ले चुकी ऐश बार्टी की जगह शीर्ष पर काबिज हो जाएगी।

### हरकाज से हारे मेदवेदेव

इस बीच मेदवेदेव दूसरी रैंकिंग के खिलाड़ी के तौर पर टूर्नामेंट में उतरे थे और ह्यूबर्ट हरकाज ने सुनिश्चित किया कि वह इसी नंबर पर बने रहेंगे। हरकाज ने पुरुष वर्ग के क्वार्टर फाइनल में मेदवेदेव को 7-6 (7), 6-3 से हराया। मेदवेदेव इस बीच मांसपेशियों में ऐंठन से परेशान रहे। मेदवेदेव अगर इस मैच में जीत दर्ज कर लेते तो फिर नोवाक जोकोविच को पीछे छोड़कर विश्व रैंकिंग में फिर से नंबर एक पर पहुंच जाते। यह रूसी खिलाड़ी हालांकि अब नंबर दो पर ही बना रहेगा।

### अल्काराज ने दर्ज की जीत

पोलैंड के हरकाज सेमीफाइनल में स्पेन के 14वें वरीय कार्लोस अल्काराज से भिड़ेंगे। अल्काराज ने गुरुवार रात को पुरुष क्वार्टर फाइनल के आखिरी मैच में सर्बिया के गैरवरीय मिओमिर केकमानोविच को 6-7 (5) 6-3 7-6 (5) से हराया।

## ओस ऐसे गिर रही थी जैसे नियाग्रा जलप्रपात से पानी

मुंबई। चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ अपनी टीम के आईपीएल मैच के दौरान ओस की तुलना नियाग्रा जलप्रपात से करते हुए 19वां ओवर किसी स्पिनर के बजाय शिवम दुबे को सौंपने के फैसले को सही करार दिया। फ्लेमिंग ने मैच के बाद कहा, 'यदि आप पहले की स्थिति पर गौर करो तो स्पिन विकल्प को नहीं आजमाया जा सकता था क्योंकि जहां तक नमी का सवाल है तो वह नियाग्रा जलप्रपात जैसी थी और उन्होंने (लखनऊ) ने अच्छा खेल दिखाया। ओस बहुत गिर रही थी और ऐसे में स्पिनरों के लिए गेंद पर ग्रिप बनाना बहुत मुश्किल हो रहा था। ऐसी स्थिति में उनके लिए प्रभाव छोड़ना आसान नहीं था।' जडेजा ने दो ओवर में 21 जबकि मोईन अली ने एक ओवर में 14 रन दिये थे जिससे चेन्नई को मध्यम गति के गेंदबाज दुबे को गेंद सौंपनी पड़ी थी। फ्लेमिंग ने कहा, 'उन्होंने मैदान पर यह फैसला किया कि किसी स्पिनर की बजाय दुबे को गेंद सौंपी जाए और यह सही निर्णय था।'



**नाम रखा गया 'अल रिहला', मतलब अरबी भाषा में 'यात्रा' होता है**

## फीफा विश्व कप: 2022 की आधिकारिक मैच गेंद लांच



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

कतर में होने वाले फीफा विश्व कप 2022 में इस्तेमाल होने वाली आधिकारिक मैच गेंद शुक्रवार को जारी की गई जिसका नाम 'अल रिहला' रखा गया है। 'अल रिहला' का मतलब अरबी भाषा में 'यात्रा' होता है जिसे कतर के ध्वज, वास्तुकला और नौकाओं से प्रेरित होकर बनाया गया है। यह पहली विश्व कप गेंद है जिसे बनाने में पर्यावरण का विशेष ध्यान रखा गया है जिसमें केवल 'वाटर बेस्ड' स्याही (पानी में घुलने वाले रंग) और ग्लू का इस्तेमाल किया गया है। यह किसी भी अन्य विश्व कप गेंद से ज्यादा रफ्तार से आगे बढ़ती है जिसे खेल का सामान बनाने वाली कंपनी एडिडास ने तैयार किया है।

### ड्रॉ से पहले विरोध प्रदर्शन

दोहा। मध्य पूर्व में होने वाले पहले विश्व कप फुटबॉल के ड्रा के लिए कोच और अधिकारी कतर में जुट गए हैं लेकिन इससे पहले ज्यूरिख में खेल की सर्वोच्च संस्था फीफा के मुख्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किए गए। ड्रॉ के लिए आयोजित समारोह में कुल 37 देश हिस्सा लेंगे लेकिन इनमें से पांच देश 21 नवंबर से शुरू होने वाले टूर्नामेंट में नहीं खेल पाएंगे। जून के आखिर में अंतरमहाद्वीपीय प्लेऑफ और यूरोपीय क्वालीफायर पूरे होने के बाद ही विश्व कप में भाग लेने वाली सभी 32 टीम के बारे पता चल पाएगा। टीम को आठ ग्रुप में बांटा जाएगा, जिनमें से 16 टीम आगे बढ़ेंगी। ड्रा से पहले ज्यूरिख में फीफा मुख्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर जर्मन कलाकार वोल्कर-योहान्स ट्रिब ने कतर में विश्व कप के बुनियादी ढांचे को तैयार करने में अहम भूमिका निभाने वाले प्रवासी श्रमिकों की पीड़ा के विरोध में रेत से भरी गेंदों का इस्तेमाल किया।

## सूर्या की वापसी से रॉयल्स को चुनौती देगा मुंबई

एजेंसी ▸▸ नवी मुंबई

मध्यक्रम के धाकड़ बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने वापसी की है। इससे मुंबई इंडियंस शनिवार को यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ होने वाले मैच से आईपीएल में वापसी करने के दृढ़ इरादों के साथ मैदान पर उतरेगा। पांच बार की चैंपियन मुंबई की टीम को अपने पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 177 रन बनाने के बावजूद चार विकेट से हार का सामना करना पड़ा था जबकि रॉयल्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को 61 रन से हराकर शानदार शुरुआत की थी।

इस बार आईपीएल में टीम ने लक्ष्य का पीछा करने को प्राथमिकता दी है। अभी तक टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करना का चलन देखने को मिला है और इसके जारी रहने की संभावना है। मुंबई के पास कप्तान रोहित शर्मा और ईशान किशन के रूप में दो सर्वश्रेष्ठ सलामी बल्लेबाज हैं।



**सूर्यकुमार हैं मैच विजेता :** सूर्यकुमार राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में चोट से उबरने के बाद टीम से जुड़े हैं। वह किसी भी नंबर पर मैच विजेता पारी खेलने की क्षमता रखते हैं और संभवतः वह तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरेंगे। दिल्ली के खिलाफ मुंबई का मध्यक्रम नहीं चल पाया था, ऐसे में सूर्यकुमार के लिए अनमोलप्रीत सिंह, तिलक वर्मा और टिम डेविड में से किसी एक को बाहर बैठना होगा।

### आज दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ गुजरात की होगी कड़ी परीक्षा

पुणे। गुजरात टाइटन्स ने पिछले मैच में दूसरी नयी टीम लखनऊ सुपर जायंट्स को हराया था लेकिन इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में उसकी असली परीक्षा शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में होगी। गुजरात और दिल्ली ने 15वें आईपीएल में जीत के साथ शुरुआत की थी और महाराष्ट्र क्रिकेट संघ स्टेडियम में उनकी निगाह जीत के अपने अभियान को जारी रखने पर होगी। दिल्ली को लुंगी एनगिड़ी, मुस्ताफिजुर रहमान और सरफराज खान के आने से बल्लेबाजी और गेंदबाजी विभाग में मजबूती मिलेगी। इन तीनों ने तीन दिन का पृथकवास पूरा कर लिया है। दिल्ली का सामना अब उस गुजरात से है जिसने पहले मैच में केएल राहुल की अगुवाई वाले लखनऊ को पांच विकेट से हराकर अपनी क्षमता साबित की थी।

**एफआईएच प्रो लीग : पुरुष हॉकी टीम 16 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर**

# इंग्लैंड पर जीत से शीर्ष पर पहुंच जाएगा भारत

एजेंसी ▸▸ भुवनेश्वर

भारतीय पुरुष हाकी टीम एफआईएच प्रो लीग में आठ मैचों के बाद अच्छी स्थिति में है और इंग्लैंड के खिलाफ शनिवार से यहां शुरू हो रहे दो मैचों में जीत दर्ज करके वह तालिका में शीर्ष पर पहुंचने की कोशिश करेगी।

इस मुकाबले का दूसरा मैच रविवार को खेला जाएगा। टोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारत ने अब तक इस सत्र में आठ मैच खेले हैं और वह 16 अंकों के साथ जर्मनी (17 अंक) के बाद तालिका में दूसरे स्थान पर है। भारतीय टीम ने फ्रांस (5-0, 2-5) और स्पेन (5-4, 3-5) के खिलाफ एक मैच में जीत दर्ज की थी जबकि एक मैच में उसे हार मिली थी। इससे पहले उसने दक्षिण अफ्रीका को 10-2, 10-2 से हराया था। भारत को हाल में अर्जेंटीना के खिलाफ पहले मैच में 2-2 (शूट-आउट में 1-3) से हार का सामना करना पड़ा लेकिन दूसरे मैच में उसने 4-3 से रोमांचक जीत दर्ज की थी। इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबले से पहले रक्षापंक्ति भारत के लिए चिंता का विषय है, जो दबाव में बिखर जाती है। हरमनप्रीत ने कहा, 'हमारा मुख्य ध्यान टीम को मैच दर मैच मजबूत बनाना है। हम अपने कमजोर और मजबूत पक्षों के बारे में बहुत कुछ सीख रहे हैं। हमें अपनी 'फिनिशिंग' में सुधार करने, अधिक पेनल्टी कार्नर हासिल करने की जरूरत है। रक्षकों को पेनल्टी कार्नर देने से बचना होगा।'

■ इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबले से पहले रक्षापंक्त त भारत के लिए चिंता का विषय



### अग्रिम पंक्ति ने आठ मैचों में दागे 42 गोल

भारत की अग्रिम पंक्ति ने हालांकि प्रभावशाली प्रदर्शन करके आठ मैचों में 42 गोल किए हैं। मंदीप सिंह विशेष रूप से विपक्षी टीम के सर्कल के अंदर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कुछ महत्वपूर्ण गोल किए हैं जिनमें अर्जेंटीना के खिलाफ आखिरी मिनट में किया गया विजयी गोल भी शामिल है। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली मध्यपंक्ति में हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, नीलकांत शर्मा और सुमित जैसे खिलाड़ी हैं। टीम में चार विश्व स्तरीय ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत, कप्तान अमित रोहिदास, वरुण कुमार और युवा जुगराज सिंह हैं जिससे भारत अपने प्रतिद्वंद्वियों पर मजबूत नजर आता है।

## वर्ल्ड कप फाइनल में मैच रैफरी होंगी भारत की जीएस लक्ष्मी

एजेंसी ▸▸ क्राइस्टचर्च

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के मैच रैफरी के अंतरराष्ट्रीय पैनल में जगह बनाने वाली पहली महिला भारत की जीएस लक्ष्मी रविवार को यहां आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच होने वाले महिला विश्व कप फाइनल में मैच रैफरी होंगी।

पुरुष एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में मैच रैफरी की भूमिका निभाने वाली लक्ष्मी पहली महिला मैच रैफरी हैं। उन्होंने दिसंबर 2020 में यूएई में विश्व कप लीग दो के दौरान यह भूमिका निभाई थी। हेगले ओवल में होने वाले महिला विश्व कप फाइनल के दौरान क्रिकेट इतिहास में पहली बार चार महिला मैच अधिकारी भूमिका निभाएंगी। आस्ट्रेलिया ने सेमीफाइनल में वेस्टइंडीज जबकि इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर फाइनल में जगह बनाई है। फाइनल के लिए दक्षिण अफ्रीका की लॉरेन एगेनबर्ग और न्यूजीलैंड की किम कॉटन मैदानी अंपयार होंगी जबकि वेस्टइंडीज की जैकलीन विलियम्स टीवी अंपायर की भूमिका निभाएंगी। जिंबाब्वे के लेंगटन रुसेरे चौथे अंपायर होंगे।



# अंतर्जनपदीय भैस चोर गिरोह का हुआ पदार्फाश, पांच गिरफ्तार

## एक पिकप, दो मवेशी समेत नकदी बरामद, पूर्वांचल के जनपदों में भैस चोरी का देते थे अंजाम

प्रखर खेतासराय जौनपुर। स्थानीय पुलिस ने अंतर्जनपदीय पाँच मवेशी चोर गिरोह का पदार्फाश किया है। शनिवार को तड़के सफीपुर मोहम्दाबाद मोड़ से पाँच लोगों को गिरफ़्तार कर लिया है। उनके पास दो मवेशी, पिकप और नकदी बरामद किया है। सभी आरोपितों को सम्बंधित धाराओं में चालान न्यायालय भेज दिया।



दो सप्ताह पूर्व मनेछा, सोंगर में पिकप वाहन से दरवाजे से मवेशियों को उठा ले जाने की वजह से क्षेत्र में चोरों के आतंक से मवेशी मालिक दहशत में आ गए। पुलिस ने भी एफआईआर दर्ज कर तहकीकात में जुटी थी।

एसओ श्रीप्रकाश रॉय ने बताया शनिवार को तड़के मय हमराह क्षेत्र में गश्त पर थे, मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर पाँच मवेशी चोर को धर दबोचा। उन्होंने क्रमशः अपना नाम लालू यादव उर्फ प्रवेश यादव पुत्र रामनयन यादव ग्राम इमामपुर थाना खुटहन, अतीक पुत्र सिराजुद्दीन निवासी मारूफपुर , मोनू यादव पुत्र अशोक यादव निवासी गारोठन,अब्दुल रहमान पुत्र अब्दुल हमीद निवासी मनेछा थाना खेतासराय, अरशद उर्फ फुल्ली पुत्र लल्लन निवासी शेख अशरफपुर थाना खुटहन बताया। एसओ के अनुसार सभी आरोपित अंतर्जनपदीय शातिर मवेशी चोर है। वे पुर्वांचल के आजमगढ़, जौनपुर, सुल्तानपुर, अम्बेडकर नगर के ग्रामीण क्षेत्रों में मवेशी चोरी का घटना का अंजाम देते थे। आरोपितों को चालान न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसओ श्रीप्रकाश राय के साथ एसआई राजेश मिश्रा, हरिशंकर यादव, शान मोहम्मद, कांस्टेबल छट्ठू यादव, अमरनाथ यादव, अंकित यादव, लवकुश यादव समेत अन्य लोग मौजूदा रहे।

# गैर इरादतन हत्या के चार अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफतार

प्रखर केराकत जौनपुर। बहन के ससुराल वालों की पिटाई से घायल हुए भाई की अस्पताल में इलाज के दौरान शुक्रवार की दोपहर मौत हो गई। बहन के मायके वालों ने शव लेकर देर रात को केराकत कोतवाली में जमकर किसी बात को लेकर पिटाई कर दी थी। इसकी जानकारी जब अनामिका की मां और भाइयों को हुई तो वे घटना के कारणों को जानने और समझाने अमिहित पहुंच गए। आरोप है कि अनामिका की सास ननद और देवरों ने उसकी



हंगामा किया। वे आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करने और उन्हें तत्काल गिरफ्तार करने की मांग कर रहे थे। कोतवाली पुलिस द्वारा चार लोगों को गिरफ्तार करने के बाद मामला शांत हो गया। जानकारी के मुताबिक कोतवाली थाना क्षेत्र के अमिहित गांव की बहू अनामिका भारती की उसकी सास आशा ननद रेनू और देवरों संदीप और बीरेंद्र ने मां और भाइयों की भी पिटाई की जिसमें एक भाई सचिन गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे वाराणसी के एक अस्पताल के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया था। शुक्रवार दोपहर को उसकी मौत हो गई। मृतक सचिन आजमगढ़ जिले के अछिया निहोरगंज का रहने वाला था। पुलिस गिरफ्तार हुए आरोपियों को सुगंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर न्यायलय भेजा।

## नवरात्रि के प्रथम दिन एसपी ने लिया लेहड़ा मंदिर का जायजा

प्रखर पूर्वांचल न्यूज बृजमनगंज/ महाराजगंज। आज चैत्र नवरात्रि पर्व के प्रथम दिन बृजमनगंज थाना क्षेत्र स्थित लेहड़ा देवी मंदिर परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का SP महराजगंज प्रदीप गुप्ता द्वारा लिया गया जायजा। चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन सुप्रसिद्ध लेहड़ा



देवी मंदिर में जहां लाखों भक्तों का ताता लगा रहता है वहीं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पुख्ता इंतजाम किए गए हैं जिसे दूरदराज से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को मां दुर्गा देवी के दर्शन करने व मेले में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए महिला थानाध्यक्ष सहित 4 थानों की पुलिस मंदिर परिसर के चारों तरफ चप्पे-चप्पे पर तैनात किए गए है तथा किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए व बचाने के लिए प्रशासन द्वारा स्पेशल टीम लगाई गई है साथ में सीसी टीवी के माध्यम से सभी आनेजाने वाले लोगों पर निगरानी भी रखी जा रही है। लेहड़ा देवी मंदिर पर भारी भीड़ को देखते हुए एसपी महाराजगंज ने आज लेहड़ा देवी मंदिर पहुंच वहां की चाक चौबंद व्यवस्था का निरीक्षण किया साथ मन्दिर पर मौजूद सीओ फरेंदा सुनील दत्त दुबे बृजमनगंज थानाध्यक्ष चंद्रहास मिश्रा से वहां के सुरक्षा व्यवस्था के बारे में बातचीत कर वहां का जायजा लिया और सभी को सख्त दिशा निर्देश भी दिए कि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न होने पाए साथ ही सुरक्षा व यातायात व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने हेतु तैनात अतिरिक्त पुलिस बल को आवश्यक निर्देश भी दिए।इसी के साथ एसपी ने मंदिर में पूजा अर्चना की और मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर के मुख्य पुजारी देवी दत्त पांडे और व्यवस्थापक संतोष पांडे मौजूद रहे।

# लेखपाल के खिलाफ जांच कमेटी गठित दिव्यांग से रिश्वत लेने का मामला

प्रखर जखनियां गाजीपुर।कहा जाता है लालच बुरी बला है । रिश्वत का कीचड़ लाख छिपाने के बावजूद ?छिपता नहीं।ऐसा ही कुछ मामला प्रकाश में आते ही विभाग में कनफुसिया जारी है। जन चर्चा के अनुसार तहसील के उत्तरी हिस्से के लगभग आधा दर्जन गांवों का लेखपाल राकेश यादव रिश्वतखोरी में डुबने से बाज नहीं आ रहा था। संबंधित अपने हल्के के किसानों से लेकर दिव्यांगो तक सबसे रिश्वत ऐंठने में अपनी काबिलियत का परिचय देते हुए अपने अवकाश प्राप्त लेखपाल उस्ताद से भी आगे निकल कर अपनी पढ़ाई और ढिठाई से आंखें दिखाने लगा था।डूबकर पानी पीने के बाद गले में मछली के कांटे चुभने जैसी कहावत बोतल के जिन्न की तरह निकलकर बाहर आने पर मजबूर हुई।जमसड़ा गांव के लेखपाल राकेश यादव ने जमसड़ा गांव के ही दिव्यांग मनोज कुमार से कागजात बनाने के नाम पर खुली रिश्वत की मांग की। मनोज कुमार के अनुसार रिश्वत के तौर पर चौदह मार्च को इक्कीस हजार रुपए ऐंठने के बाद बंदोबस्त-45का कागजात तो दिया गया लेकिन जाति और निवास के नाम पर हीलाहवाली कर कन्नी काटता रहा। गौरतलब हो की गांव में हुई मारपीट में दर्ज एस सी एस टी में मनोज कुमार को जाति और निवास प्रमाणपत्र की नितांत जरूरत थी। जिसके लिए तेईस मार्च को आनलाइन आवेदन कर लेखपाल को दिया गया था लेखपाल राकेश यादव द्वारा अठाईस मार्च तक प्रमाणपत्र जारी नहीं किया गया।जिसकी शिकायत आवेदनकर्ता ने सीएम हेल्पलाइन, जिला अधिकारी और एसडीएम जखनियां को लिखित प्रेषित किया।एस डी एम जखनियां वीर बहादुर सिंह यादव ने मामले को संज्ञान में लेते हुए संबंधित लेखपाल को क्षेत्र से हटाकर दफ्तर अटैच करते हुए लेखपाल के खिलाफ टीम गठित कर जांच का आदेश दिया है। एक तरफ जहां लेखपाल पर आदेशित जांच की आंच से संबंधित महकमे में हलचल मची हुई है वहीं पूर्व की पोस्टिंग वाले गांवों से भी रिश्वत की बू आने लगी है।

# चोरी के समान के साथ तीन अभियुक्त पुलिस गिरफ्त में

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध के रोकथाम व अपराधियों के विरुद्ध चलायें जा रहे अभियान के क्रम में थाना कासिमाबाद पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 66/2022 धारा 380 भादवि व मु.सं.अ. 54/2022 धारा 380 भादवि थाना कासिमाबाद से सम्बंधित चोरी किये गये सामान को बरामद करने व सम्बन्धित से 3 नफर अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। उल्लेखनीय है कि 19 मार्च 2022 को वादी आलोक कुमार पुत्र सुरेश राम निवासी ग्राम भैसड़ा मौजपुर थाना कासिमाबाद के लिखित तहरीर पर थाना स्थानीय पर मु0स0सं0 54/22 धारा 380 भादवि बनाम अज्ञात तथा 29 मार्च 2022 को वादी अनूप मौर्य पुत्र रविन्द्र मौर्य निवासी ग्राम बंकाखास थाना कासिमाबाद के लिखित तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 66/2022 धारा 380 भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। पुलिस को जरिए मुखबिर खास सूचना प्राप्त हुई उपरोक्त मुकदमो के अभियुक्त पुरानीगंज भरटोली में सामान सहित मौजूद है। मिली सूचना पर कासिमाबाद पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर घेराबंदी करके 3 नफर अभियुक्त व उनके कब्जे से मुकदमा उपरोक्त से सम्बंधित चोरी किये गये सामान को बरामद किया गया तथा अभियुक्तगण को समय 5.20 बजे ग्राम पुरानीगंज भरटोली



बहादुरगंज से गिरफ्तार किया गया तथा मु0स0सं0 54/22 धारा 380 भादवि व मु0अ0सं0 66/2022 धारा 380 भादवि का सफल अनावरण किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में अभियुक्तो के विरूद्ध विधिक कार्यवाही किया जा रही है। गिरफ्तार किये गए अभियुक्त क्रमसः विकास कुमार पुत्र स्व. विनोद राम ग्राम मझौवा थाना हलधरपुर जनपद मऊ, अभिषेक कुमार पुत्र ऋषिकेश राम ग्राम परसपुरा थाना सरायलखन्सी जनपद मऊ व अनोज राजभर पुत्र जनार्दन राजभर निवासी ग्राम पुरानीगंज भरटोली थाना कासिमाबाद जनपद गाजीपुर बताया गया है। अभियुक्तगण के पास से बरामदगी में 3 अदद साउण्ड वाक्स (डी0जे) मिक्सर मशीन व एक अदद फोर के मशीन व एक अदद स्टेप्लाइजर सम्बन्धित मु0अ0सं0 66/2022 धारा 380, 411,स्त्रू, टेम्पर ग्लास 30 अदद, एन्ड्रायड चार्जर 2 अदद, निक बैण्ड तीन अदद, ब्लूटूथ स्पीकर एक अदद, हेड फोन एक अदद, एयर फोन 9 अदद, वैट्री 1 अदद, इनवर्टर 1 अदद, सम्बन्धित मु0अ0सं0 54/2022 धारा 380,411,स्त्रू बरामद किया गया।

अभियुक्तों गिरफ्तार करने वाली टीम में उ.नि. सुनील कुमार दूबे, उ.नि. अभिनाष मणि तिवारी, हे.का. आफताब खान, का. सुनील शुक्ल, का. नागेन्द्र साह, का. विकास कुमार शामिल रहे।

## विंध्याचल दर्शन करने आए दर्शनार्थी की हार्ट अटैक होने से हुई मौत

प्रखर मिजार्पुर। विन्ध्याचल में गोरखपुर के ग्राम कऊवा डील निवासी आनंद कुमार शर्मा उम्र लगभग 70 वर्ष की अचानक सीने में दर्द उठने से मृत्यु हो गयी! दरअसल मामला गोरखपुर निवासी आनंद कुमार विन्ध्याचल दर्शन करने अपने भतीजे के साथ आए हुए थे और विन्ध्याचल में ही किसी होटल में रुके हुए थे! उनके भतीजे द्वारा बताया गया कि सुबह सोकर उठने के पाश्चात रोज की भांति शौच को गए थे वापस आने के कुछ देर बाद ही उनके सीने में तेज दर्द उठा और उनकी मृत्यु हो गयी! सूचना मिलने पर विन्ध्याचल पुलिस द्वारा एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वस्थ्य केन्द्र ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया ' पुलिस द्वारा आगे की विधिक कार्यवाही किया जा रहा है।

## आग ने मचाया तांडव, मडहे में रखे सामान समेत 16 बकरियां जलकर खाक

प्रखर केराकत जौनपुर। केराकत कोतवाली के थानागद्दी अंतर्गत टुसौरी गांव में बीती रात भीषण आग लगने से 16 बकरियों समेत मडहे रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। गौरतलब हो कि वेद प्रकाश जयप्रकाश, ओमप्रकाश,आनंद कुमार चारो भाइयो का एक साथ सटा हुआ पांच रिहायशी मडहा रखा गया था।रिहायशी मड़हे में बिजली मीटर लगा हुआ था जो तार मीटर से लगा हुआ था वह काफी जरजर हो गया था तार जर्जर होने की वजह से मीटर में शार्ट सर्किट हो गया जिसकी वजह से मडहे में आग लग गई जब तक लोग समझ पाते तक आग भयानक रूप पकड़ ली स्वजनों के शोर मचाने पर गांव वाले जुट कर आग बुझाने का प्रयास किये लेकिन आग पर काबू नही असफल रहे। जिससे मड़हे में बांधी गई 16 बकरियां समेत खाने-पीने के अनाज ,बिस्तर व मई महीने में घर में शादी पड़ी थी जिसको देखते हुए कुछ नगद और कुछ सामानों की खरीदारी कर ली गई तो वह सब कुछ जलकर खाक हो गया।



पीड़ितो ने बताया कि हम लोगो के पास रहने के लिए एक मात्र सहारा यही मडहा था जो अब जलकर खाक हो गया।खाक होने के वजय से अब हम लोगो के पास सर ढकने के लिए छत तक नहीं बचा। घटना की सूचना पीड़ित द्वारा राजस्व विभाग को दे दिया गया है।घटना की सूचना मिलते ही उपजिलाधिकारी राजेश चौरसिया राजस्व विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंच मौके का मुआयना कर पीड़ित को प्रशासनिक हर संभव मदद का भरोसा दिये।

## सरकार द्वारा दी जा रही सुविधा जनता तक पहुचे - डॉ. अवधेश



प्रखर पिंडरा वाराणसी। प्रदेश स्तर पर चलाये जा रहे संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत शनिवार को पिंडरा विकास खण्ड के सीएचसी गंगापुर से भी विधायक डॉ अवधेश सिंह ने अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहाकि प्रत्येक गांव के ऐसे बस्तियों को चिन्हित कर विशेष कार्य योजना बनाने की जरूरत है जहां इससे सम्बंधित रोग ज्यादा निकलते है। उन्होंने शुभारंभ अवसर पर उपस्थित एएनएम व आशा बहनों की तारीफ की और कोरोना काल मे किये गए कार्यो की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान नए ओटी कक्ष का निरीक्षण करते हुए कहाकि सरकार द्वारा जो भी सुबिधाये मुहैया कराई जा रही है वह जनता तक इमानदारी से पहुचे। कार्यक्रम में पिंडरा ब्लॉक के बीडीओ / उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार वर्मा, नोडल अधिकारी डॉ अनिल कुमार, चिकित्सा अधीक्षक डॉ रामाशीष, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ संतोष सिंह इस अभियान के बाबत विस्तृत जानकारी दी। तत्पश्चात विधायक ने हरी झंडी दिखाकर स्वास्थ्य कर्मियों को जनजागरूकता अभियान के तहत रवाना किया। जो मंगारी, गंगापुर, बैकुंठपुर, रेलवे स्टेशन बाबतपुर होते हुए पुनः सीएचसी गंगापुर में आकर समाप्त हुई।

# उप मुख्यमंत्री ने मां विन्ध्यवासिनी का किया दर्शन पूजन

प्रखर मीरजापुर। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज मां विन्ध्यावासिनी के धाम विन्ध्याचल पहुँचकर सपरिवार मां विन्ध्यवासिनी देवी का दर्शन पूजन किया। दर्शन के बाद उन्होने कहा कि नवरात्र के प्रथम दिन मां विन्ध्यवासिनी के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ हैं। उन्होने कहा कि नवरात्र के अवसर पर पूरे प्रदेश व देशवासियो को शुभकामनाये व बधाई देता हॅू तथा यह प्रार्थना करते है कि मां विन्ध्यावसिनी देवी सभी सुख व समृद्धि प्रदान करें। इव असवर पर मा0 विधायक नगर श्री रत्नाकर मिश्र, मड़िहान श्री रमाशंकर सिंह पटेल, जिलाध्यक्ष भाजपा श्री बृजभूषण सिंह, जिलाधिकारी श्री प्रवीण कुमार लक्षकार, उप पुलिस महानिरीक्ष/पुलिस अधीक्षक श्री अजय कुमार सिंह उपस्थित रहें। दर्शनोपरान्त मा0 उप मुख्यमंत्री अष्टभुजा निरीक्षण गृह में पार्टी कार्यकर्ताओ व अन्य जन प्रतिनिधियो से मुलाकात भी की। इस अवसर पूर्व विधायक मझवा श्रीमती शुचिस्मिता मौर्या के अलावा अन्य पार्टी कार्यकर्ता व जन प्रतिनिधि उपस्थित रहें।



## जनता इंटर कॉलेज का चुनाव विवादों के घेरे में

प्रखर मिजार्पुर। जनता इंटर कॉलेज बरगवां कूबा, में बीते 27 मार्च को हुए चुनाव को निरस्त कराने की मांग तेज हो गई है। विद्यालय प्रबंध समिति का चुनाव जनपद मिजार्पुर में विवादों के घेरे में घिर चुका है । आज विद्यालय के कई सदस्य जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर पहुंचकर अपना विरोध दर्ज कराया और चुनाव को निरस्त किए जाने के संदर्भ में मांग पत्र भी सौंपा । प्रदर्शनकारी लोगों का आरोप है कि जिस सूची के आधार पर विद्यालय ने चुनाव संपन्न कराया है वह सूची पूर्ण रूप से अवैध है। इस मामले में जिला विद्यालय निरीक्षक सत्येंद्र सिंह ने टीवी हंड्रेड से बताया कि उनके संज्ञान में आज शिकायत प्राप्त हुआ है । विद्यालय प्रबंध समिति के कराए गए चुनाव के बाद प्रमाण पत्र वितरण रोक दिया गया है । सूची की जांच कराई जा रही है यदि आरोप पाया जाता है तो सख्त कार्रवाई की जाएगी और संभव होगा तो तत्काल मुकदमा भी पंजीकृत कराया जाएगा । इस मामले में समिति के सदस्य अजय सिंह ने मांग किया है कि षड्यंत्र में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और सही सूची पर ही चुनाव संपन्न कराए जाएं।

# संक्षिप्त खबरें

## दाह संस्कार के बाद स्नान करने गए दो युवक गंगा में डूबे, मौत

प्रखर वाराणसी। चौबेपुर थाना क्षेत्र के गौरा उपरवार घाट पर शुक्रवार दोपहर दाह संस्कार के लिए आए दो युवक गंगा स्नान के दौरान डूब गए। ग्रामीणों और पुलिस की ओर से आए गोताखोरों द्वारा युवकों की खोजबीन की जा रही है। उधर, घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। थाना अंतर्गत सीवो बराई निवासी गुड्डू राम 35 वर्ष और अरविंद कुमार उर्फ रिंकू 28 वर्ष के अर्दली निवासी रिश्तेदार ज्ञानचंद की मां का निधन हो गया था। दोपहर 12 बजे दोनों साथ में गौरा उपरवार घाट पर दाह संस्कार में शामिल होने गए थे। दाह संस्कार के बाद ग्रामीणों के संग दोनों गंगा में स्नान करने गए और इस बीच दोनों नहाते हुए गहरे पानी में चले गए। देखते ही देखते दोनों डूबने लगे। आसपास के लोगों ने शोर मचाते हुए बचाने का प्रयास किया लेकिन दोनों पानी में समा गए। तुरंत घाट किनारे मल्लाहों ने पानी में छलांग लगाकर खोजबीन की लेकिन दोनों नहीं मिले। इसी बीच सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई और एनडीआरएफ के गोताखोरों से युवकों की खोजबीन कराई। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजेश त्रिपाठी ने बताया कि युवकों की खोजबीन कराई जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार सीवो बराई निवासी शारदा राम का पुत्र गुड्डू रंगाई पोताई का काम करता है, जिसकी तीन बेटियां और एक बेटा है। हादसे की सूचना मिलते ही पत्नी रूक्मिणा बेसुध हो गई। जबकि स्वयंभू राम का पुत्र अरविंद कुमार उर्फ रिंकू के परिजन भी गमगीन हो गए। देर शाम तक घाट किनारे परिजन और अन्य रिश्तेदार बैठे हुए थे।

## ईट पथेरो के बीच मारपीट कई घायल

प्रखर कछवाँरोड वाराणसी। स्थानीय थाना क्षेत्र के रूपापुर गाँव अंतरगत चक्र मार्का ईट भट्ठे पर कार्यरत मजदूरो के बीच मारपीट हुआ। घायल श्रमिक विदेशी निवासी चकिया के अनुसार मदन नाम का एक अन्य पथेरा पिछले लगभग 4 दिनों से विदेशी से झगड़ा व कहा सुनी करता रहता था इसकी शिकायत विदेशी ने भट्ठे के मुंशी से भी किया था आज शनिवार की सुबह पानी को लेकर मदन से और विदेशी के परिवार वालों से कहासुनी हो गई और इसी बीच मदन, अपने परिवार के लोगों के साथ मिलकर विदेशी को फरसे से मारा और उसके परिवार के लोगो के साथ भी मारपीट की श्रमिक विदेशी के अनुसार उसके परिवार में मनोज, सरोज, कविता चोटिल हो गए। घटना क्रम की शिकायत करने हेतु दोपहर में घायल विदेशी अपने परिवार के साथ थाना मिजार्मुराद पर पहुँचे।

## ब्लॉक सभागार में संचारी रोग एवं दस्तक अभियान को लेकर हुई आवश्यक बैठक


प्रखर महाराजगंज। विकासखंड बृजमनगंज के सभागार में संचारी रोग एवम दस्तक अभियान के संबंध में सफाई कर्मचारियों के साथ एक आवश्यक बैठक आहूत की गई। इस बैठक में मौजूद सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), सचिव, BC मनोज कुमार वर्मा, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर प्रदीप मणि त्रिपाठी मौजूद थे सहायक विकास अधिकारी ने बताया कि यह अभियान 2 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलेगा इसमें झाड़ियों की कटाई नाली की सफाई सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई साथ में गांव के हर टोलों की सफाई और दवा का छिड़काव जैसे एंटी लारवा के बारे में उन्होंने बताया यह अभियान शासन द्वारा हर ग्राम पंचायत में चलेगा।इसमें आयोजित कार्यक्रम में ब्लॉक के सभी अधिकारियों के साथ सभी सफाई कर्मचारी उपस्थित रहें।

## राष्ट्रीय पंचायती राज प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह के द्वारा कालिकाधाम मंदिर से श्री रामचंद्र का निकाला गया शोभायात्रा

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। सेवापुरी विधायक नील रतन पटेल नीलू , राष्ट्रीय पंचायती राज प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष नितिन सिंह के द्वारा कालिका धाम मंदिर से श्री रामचंद्र जी का शोभायात्रा निकाला गया` कालिका धाम से बीरमपुर सर्वोदय इंटर कॉलेज कपसेठी सकलपुर सेवापुरी भीषमपुर कालिका धाम राम की बारात बारातियों के रूप में प्रधान संगठन जिला अध्यक्ष के साथ कई लोग शोभायात्रा में सम्मिलित हुए` जय श्री राम जय श्री राम का नारा लगाते हुए उपस्थित प्रधान बच्चा सिंह, प्रधान गगन सिंह, प्रधान ओम प्रकाश वर्मा ,प्रधान गुंजन सिंह ,प्रधान सुजीत सिंह ,प्रधान राम आसरे वर्मा ,प्रधान रविंदर सहित कई अन्य प्रधान उपस्थित रहे।


## नवरात्र को लेकर देवी मंदिरों में की गई विशेष साफ-सफाई

प्रखर पिंडरा वाराणसी। चैत्र नवरात्र पर ग्रामीण क्षेत्र के मंदिरों पर नवरात्र को पहले दिन भक्तो को भीड़ रही। वही नवरात्र पर्व को लेकर ब्लॉक के सफाईकर्मी मन्दिरो के साफ सफाई में जुटे रहे। इस दौरान मंदिरोंसाफ-सफाई,रंग-रोगन किया गया। परिसर में पूजन सामग्री की दुकानें भी सज गई। लोग घरों में भी नवरात्र को लेकर शुरू होने वाले अनुष्ठान व पूजन में लगे रहे। पिंडरा ब्लाक के विभिन्न गांवों स्थित एक दर्जन से अधिक मंदिरों के आसपास साफ-सफाई की गई। पिंडरा ब्लॉक प्रमुख धर्मेंद्र विश्वकर्मा एवं भाजपा नेता रविशंकर सिंह के नेतृत्व में पिंडरा ब्लॉक अंतर्गत पिंडरा, प्रसादपुर, तिवारीपुर, नेहिया, रामनगर,बाबतपुर, नवलपुर बैकुंठपुर मंगारी सहित दर्जनों गाँव मे देवी मंदिर के आसपास सहित परिसर की साफ-सफाई की गई। नवरात्र में सभी मंदिरों में पूजन अर्चन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते है। उक्त मंदिरों में भीड़ को देखते हुए महिला पुलिस बल की तैनाती भी गई।



## मारपीट में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत, तीन अभियुक्त गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध नियन्त्रण एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान व विवेचना निस्तारण के तहत मु0अ0सं0 0048/2022 धारा 323/504/308/34/304 आईपीसी से सम्बन्धित अभियुक्त पिन्टू उर्फ अय्यून पुत्र मुर्तजा उर्फ बरजंगी, इकबाल व हैदर उर्फ अख़्तर पुत्र गण पिन्टू उर्फ अय्यून निवासीगण ग्राम परसपुर बुढ़ानपुर थाना भुड़कुड़ा की गिरफ्तारी हरिहरपुर मोड़ से 2 अप्रैल को हुई। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्तगण को न्यायालय रवाना किया गया। बताते चले कि 25 मार्च 2022 को अभियुक्त गण उपरोक्त व पड़ोसी फारूक अली पुत्र मो. इकबाल जो आपस में पड़ोसी हैं, के बीच पानी बहाने व छत्त पर ईंट पत्थर फेंकने की बात को लेकर एक दुसरे से लाठी डण्डे से मारपीट कर लिये थे। थाना हाजा पर दोनों पक्षों द्वारा तहरीर दिये जाने पर दोनों का मेडिकल परीक्षण कराया गया था, जिसमें से फारूक के पुत्र आबिद अली के सिर में चोट आने पर धारा 323/504/308 में अभियोग पंजीकृत किया गया था और उसे रेफर करके ट्रामा सेन्टर बीएचयू में भर्ती कराया गया था। ईलाज के दौरान 1 अप्रैल 2022 को आबिद अली की मृत्यु हो गयी। परिजनों द्वारा दी गयी सूचना पर अभियोग उपरोक्त में धारा 34/304 भादवि की बढ़ोत्तरी करते हुये अभियुक्त गण की गिरफ्तारी की गयी तथा उनकी निशानदेही पर बतौर आला कतल एक लोहे की पाईप व लाठी डण्डे अभियुक्त के घर से बरामद किये गये। अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने वाली टीम में उ.नि. हीरामणि यादव, हे.का. महेन्द्र यादव, का. तारकेश्वर सिंह, का. सोनू यादव शामिल रहे।



# अपर जिला अधिकारी ने विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान व दस्तक अभियान को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान व दस्तक अभियान जो 2 अप्रैल से शुरू होकर 30 अप्रैल तक चलना है। इसी के तहत शनिवार को अपर जिला अधिकारी ए.के. सिंह ने जिला अस्पताल में आए हुए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी के साथ ही अन्य सहयोगी विभाग के लोगों को शपथ दिला कर और उसके पश्चात रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रैली में आशा कार्यकर्ता, आंगनबाडी कार्यकर्ता के साथ ही मलेरिया विभाग के कर्मचारी, नगर पालिका के कर्मचारी व अन्य लोग शामिल रहे। जो रैली के माध्यम से आमजन में जन जागरूकता फैलाने का काम करेंगे। इसके पूर्व इस अभियान को लेकर सभी विभागों में समन्वय बैठाने के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 24 एवं 30 मार्च को डिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स की बैठक भी कराई जा चुकी है। उन बैठकों के माध्यम से किन विभागों का क्या कर्तव्य है बता दिया गया है। मुख्य चिकित्सा




अधिकारी डॉ. हरगोविंद सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के महत्वाकांक्षी योजनाओं में शामिल है। पिछले 3 से 4 सालों में इंसेफलाइटिस से होने वाली मौतों पर अंकुश लगा है। इसी के निरंतरता में विशेष संचारी रोग नियंत्रण माह मनाया जा रहा है। इसी माह में 15 अप्रैल से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलेगा, जिसमें आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों का दरवाजा खटखटाएंगे और वहां पर बीमार बच्चों या अन्य लोगों के बारे में जानकारी हासिल करेंगे तथा लोगों को संक्रामक एवं मच्छरों से होने वाली बीमारियों से बचाव के तरीके भी बतायेंगी। इसी तरह बेसिक शिक्षा विभाग में भी दवाइयां उपलब्ध करा दी गई हैं और यदि कोई बच्चा तीन-चार दिनों से स्कूल नहीं आ रहा है तो यह पता लगाने का काम किया जाएगा कि कहीं बच्चा बीमार तो नहीं है। इसके अलावा पंचायती राज विभाग के द्वारा ग्रामीण इलाकों में साफ सफाई की व्यवस्था, नगरीय इलाकों में नगर पालिका और नगर पंचायत के माध्यम से नालियों की सफाई और मच्छरों के मारने के लिए फागिंग कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि दस्तक अभियान के दौरान आशा कार्यकर्ता गांव-गांव जाएंगे और उन्हें किसी भी हैंडपंप से अशुद्ध पानी आता हुआ मिलेगा तो उस पर लाल निशान लगाएंगे कि इसका पानी नहीं पीना है।

जिला मलेरिया अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी के देखरेख में मलेरिया के कार्यकर्ता क्षेत्रवार योजना बनाते हुए विगत वर्ष की भांति मच्छर जनित रोगों के आंकड़ों के आधार पर चिन्हित किए गए हाईरिस्क क्षेत्रों में वेक्टर घनत्व का आकलन भी करेंगे। इसके अलावा आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता निम्नलिखित सूचना अपने रिपोर्ट के साथ प्रतिदिन कार्य की समाप्ति पर क्षेत्रीय एएनएम के माध्यम से ब्लॉक मुख्यालय पर निर्धारित प्रपत्र पर उपलब्ध कराएंगी। मलेरिया कर्मियों द्वारा किए गए घर-घर भ्रमण के दौरान पाए गए क्षेत्रों की सूचना के आधार पर जिला मलेरिया अधिकारी के द्वारा विभिन्न विभागों के सहयोग से मच्छर प्रजनन वाले घरों या इलाकों में मच्छर नियंत्रण गतिविधियां संपादित करने हेतु कार्य करेंगे। इस कार्यक्रम में एसीएमओ डॉ. डी.पी. सिन्हा, डॉ. उमेश कुमार, डॉ. के.के. वर्मा, डॉ. एसडी वर्मा, डॉ. एम.के. सिंह, डब्ल्यूएचओ के एसएमओ विनय दुबे, यूनिसेफ से अजय उपाध्याय, प्रशासनिक अधिकारी प्रेमचंद, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, एडीपीआरओ, प्रतिनिधि ईओ नगर पालिका, आईसीडीएस के साथ ही जिला मलेरिया कार्यालय से अंकिता त्रिपाठी व अन्य लोग मौजूद रहे।

## विधान परिषद द्विवार्षिक निर्वाचन 2022 हेतु 16 मतदान स्थल का किया गया चयन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। उत्तर प्रदेश विधान परिषद द्विवार्षिक निर्वाचन 2022 हेतु मतदान केन्द्रो की सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। जिलाधिकारी /जिला निर्वाचन अधिकारी एम.पी. सिंह ने सूचित कि है कि जनपद गाजीपुर में 16 मतदान स्थल का चयन किया गया है। विकास खण्ड गाजीपुर हेतु मतदान स्थल कार्यालय क्षेत्र पंचायत सदर गाजीपुर जिसमें जिला पंचायत के अध्यक्ष एवं समस्त सदस्य, सदस्य लोक सभा, विधान सभा, विधान परिषद के कुल स्त्री/पुरूष मतदाताओ के लिए बनाये गये है। करण्डा हेतु कार्यालय क्षेत्र पंचायत करण्डा में करण्डा क्षेत्र पंचायत के सदस्य एवं प्रधान हेतु। बिरनो हेतु कार्यालय क्षेत्र पंचायत बिरनो में क्षेत्र पंचायत सदस्य, प्रधान एवं नगर पंचायत जंगीपुर के अध्यक्ष एवं सदस्य हेतु। मरदह हेतु कार्यालय क्षेत्र पंचायत मरदह में क्षेत्र पंचायत मरदह के सदस्य एंव प्रधान हेतु। कासिमाबाद हेतु कार्यालय क्षेत्र पंचायत कासिमाबाद में क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं प्रधान तथा नगर पालिका बहादुरगंज के अध्यक्ष एवं सदस्य हेतु। बाराचवर हेतुं कार्यालय क्षेत्र पंचातय बाराचवर में क्षेत्र पं. सदस्य एवं प्रधान हेतु। भावरकोल हेतुं कार्यालय क्षेत्र पंचायत भावरकोल में क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं प्रधान हेतु। मोहम्मदाबाद हेतु कार्यालय क्षेत्र पंचायत मोहम्मदाबाद में क्षेत्र पं. सदस्य एवं प्रधान तथा नगर पालिका परिषद मो.बाद अध्यक्ष एवं सदस्य हेतु। रेवतीपुर हेतु कार्यालय क्षेंत्र पंचायत रेवतीपुर में क्षेत्र पं. रेवतीपुर के सदस्य एंव प्रधान हेतु। भदौरा हेतु कार्यालय क्षेत्र पं. भदौरा में क्षे.पं. सदस्य एवं प्रधान तथा नगर पं. दिलदारनगर के अध्यक्ष एंव सदस्य हेतु। जमनियां हेतु कार्यालय क्षे.पं. जमानिया में क्षेत्र पं. सदस्य एवं एवं प्रधान तथा नगर पालिका परिषद जमानिया के अध्यक्ष एवं सदस्य हेतु। देवकली हेतु कार्यालय क्षे.पं. देवकली मे क्षे.पं.सदस्य एवं प्रधान हेतु। सैदपुर हेतु कार्यालय क्षे.पं.सैदपुर में क्षे.पं.सदस्य एवं प्रधान तथा नगर पंचायत सैदपुर के अध्यक्ष एवं सदस्य हेतु। सादात हेतु कार्यालय क्षेत्र पंचायत सादात मे क्षे0.प. सदस्य एवं प्रधान तथा नगर पंचातय सादात के अध्यक्ष एवं सदस्य हेतु। जखनिया हेतु कार्यालय क्षेत्र पंचायत जखनिया में क्षे.पं. जखनिया के सदस्य एवं प्रधान हेतु तथा विकास खण्ड मनिहारी हेतु कार्यालय क्षेत्र पंचायत मनिहारी मे मतदान स्थल बनाये गये है, जिसमें क्षेत्र पंचायत मनिहारी के सदस्य एवं प्रधानगण अपने-अपने मतदान कर सकेगे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जनपद में दिसंबर तिमाही की DCC/DLRC/cd ratio sub committee की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी महोदय के द्वारा की गई। मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य राजस्व अधिकारी, पीओ डूडा, समस्त बैंक समन्वयक, विभिन्न विभागों के कार्यलयाध्यक्ष, आरसेटी निदेशक, वित्तीय साक्षरता सलाहकार एवं एचडीएफसी एरगो के प्रतिनिधि द्वारा प्रतिभाग किया गया। सर्वप्रथम वित्त वर्ष 2022-23 के लिए वार्षिक ऋण योजना की पुस्तिका का अनावरण किया गया। तत्पश्चात बैठक में सामाजिक सुरक्षा, स्वरोजगार, जनधन योजना, मुद्रा योजना, केसीसी, स्टैंड अप योजना, जेएलजी, वार्षिक ऋण योजना की उपलब्धि, पीएम स्वनिधि, एनआरएलएम, एनयूएलएम, ऋण जमानुपात पर विस्तृत चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने इन सभी योजनाओं



में लक्ष्य प्राप्ति हेतु आवश्यक निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने एनआरएलएम की लंबित पत्रावलियों का त्वरित निस्तारण हेतु आदेश दिया। मुख्य राजस्व अधिकारी ने पीएम स्वनिधि के लक्ष्य पूर्ण करने के लिए समस्त बैंकरों को निर्देश दिए। अग्रणी जिला प्रबन्ध ने ऋण जमानुपात बढाने के लिए नियमित समीक्षा करने की बात कही एवं सभी बैंकरों को कार्ययोजना बनाकर कार्य करने को कहा ताकि जनपद का ऋण जमानुपात मानक से ऊपर पहुंच सके। एचडीएफसी एरगो के प्रतिनिधि द्वारा फसल बीमा क्लेम के संबंध में जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त फसल बीमा में अच्छे प्रदर्शन के लिए बीमा कंपनी द्वारा यूनियन बैंक, स्टेट बैंक, बरोदा यूपी बैंक एवं अधोहस्ताक्षरी को सम्मानित किया गया। अंत में अग्रणी जिला प्रबंधक द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक समाप्त की गई।

## रिमाण्ड पर लिए गए अभियुक्त की निशानदेही पर पिस्टल बरामद

प्रखर बृजमनगंज महाराजगंज। बृजमनगंज थाना क्षेत्र के लेहड़ा स्टेशन बाजार में पांच दिन पूर्व महालक्ष्मी ज्वैलर्स में घटित लूट के प्रयास की घटना के सम्बंध में शुक्रवार को पुलिस ने रिमाण्ड पर लिए गए अभियुक्त रोहित यादव निवासी बचगंगपुर टोला हीरमपुर थाना बृजमनगंज की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त पिस्टल को दिलदार नगर बाजार से बरामद कर लिया।साथ ही बरामद असलहा व अभियुक्त को वापस न्यायालय में प्रस्तुत कर उसे जेल भेज दिया गया। इस लूट के प्रयास के मामले में पुलिस ने सोमवार को रोहित यादव सहित तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया था।साथ ही घटना में प्रयुक्त असलहा बरामद न होने पर एक अभियुक्त को रिमाण्ड पर लेने के लिए न्यायालय के समक्ष प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया था।जिसे न्यायालय ने स्वीकार कर एक अभियुक्त को पुलिस कस्टडी में भेज दिया। इस दौरान बरामदगी टीम में थानाध्यक्ष चंद्रहास मिश्रा सहित उपनिरीक्षक प्रिन्स कुमार, हेड कांस्टेबल राममिलन कुशवाहा, कांस्टेबल बलिराम यादव, कांस्टेबल पीयूष यादव, विमल पाण्डेय मौजूद रहे।



## हाथ पकड़े हुए गंगा में उतराया मिला प्रेमी युगल का शव

प्रखर वाराणसी। लैला मजनू, हीर रांझा व शीरी फरहाद की कहानी तो आपने सुनी होगी लेकिन एक नई कहानी वाराणसी में भी सुनने को मिली है। बता दें कि शुक्रवार की देर शाम वाराणसी के सिपहिया घाट गंगा में प्रेमी युगल का शव उतराया हुआ मिला। बाहर निकालने पर दोनों ने एक दूसरे का हाथ पकड़ रखा था। जिसके बाद चर्चा का विषय बना हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया तो शव एकदम फूल चुका था। अनुमान लगाया जा रहा है कि 2 दिन पूर्व प्रेमी युगल ने नदी में कूदकर जान दी होगी। उनके पास से आधार कार्ड बरामद हुआ है। जिसमें 17 वर्षीय अंजली यादव दीदारगंज आजमगढ़ की रहने वाली जबकि युवक 22 वर्ष उद्देश्य सिंह सरायख्वाजा जौनपुर का निवासी है। परिजनों को इसकी सूचना दे दी गई है। शव शिवपुर के मर्चरी हाउस में रखा गया है। दोनों ने क्यों आत्महत्या की इसकी जानकारी परिजन आने के बाद ही मिल पाएगी? फिलहाल खबर लिखे जाने तक दोनों के परिजन वाराणसी नहीं पहुंचे थे।

## समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक संपन्न

प्रखर जौनपुर । समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक जिलाअध्यक्ष लालबहादुर यादव के अध्यक्षता सम्पन्न हुआ बैठक को सम्बोधित करते हुए लालबहादुर यादव ने विधान परिषद के चुनाव की चर्चा करते हुए कहा कि ये चुनाव समाजवादी पार्टी जीतने के लिए हमारे नेता कार्यकर्ता विधायक गण पूरी ताकत लगाकर लड़ रहे हैं आज वर्तमान समय में यह चुनाव समाज समाजवादी पार्टी जीत रही है अब चुनाव में कम ही समय रह गए हैं इसलिए हर गांव के एक क्षेत्र पंचायत प्रधान गण सम्मानित मतदाताओं से मिलकर समाजवादी पार्टी के पक्ष में वोट डलवाने का काम करें जौनपुर का इतिहास रहा है कि समाजवादी पार्टी के नेता कार्यकताओं ने विपरीत परिस्थितियों में भी समाजवादी पार्टी के कैंडिडेट को जिताने का काम किया है आज भले ही समाजवादी पार्टी की सरकार ना हो लेकिन हमारे कार्यकताओं नेताओं का हौसला कम नहीं हुआ है वहीं मल्हनी विधायक लकी यादव ने कहा समाजवादी लोगों की पहचान संघर्ष है हम लोग अपने मेहनत और संघर्ष के बल पर समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं के बल पर विधान परिषद का चुनाव जीतकर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को देने का काम करेंगे यह चुनाव धनबल बाहुबल व सत्ता बल से एक पक्ष



लड़ रहा हैं।

वहीं दूसरी तरफ हम समाजवादी लोग जन बल के साथ चुनाव लड़ा जा रहा है और जीत हमेशा लोकतंत्र में जन बल की होती है आपने यह सीधा प्रमाण मल्हनी के दोनों चुनाव में देखा होगा की बाहुबल धनबल हारा और जन बल जीता लोहिया जी कहा करते थे जिंदा कौमें 5 साल इंतजार नहीं करती हैं बैठक मे मुख्य रूप से विधायक पंकज पटेल, पूर्व विधायक लंलन प्रसाद यादव, अरशद खान, प्रदेश प्रमुख महासचिव राजनारायण बिंद, श्याम बहादुर पाल, प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी, जयहिंद यादव, महेंद्र यादव, राजेश यादव, श्रवण जयसवाल, पूनम मौर्या, भानु प्रताप मौर्या, शिवजीत यादव, डां शरफराज खान,श्याम नरायण बिंद, अनवारुल गुड्डू, शाजिद अलीम, निजामुद्दीन अंसारी, मालती निषाद, आलोक यादव, आदि संचालन जिलामहाचिव हिसामुद्दीन शाह ने किया।

## बच्चों की हाजिर जवाबी से मंत्रमुग्ध हुए एआरपी

**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ राकेश सिंह द्वारा चलाए गए कार्यक्रम हर दिन सीखना का क्रियान्वयन**

प्रखर वाराणसी। नए सत्र के शुभारंभ पर आराजी लाइन ब्लॉक के सामाजिक विज्ञान की एआरपी सुनीता सिंह का आगमन प्राथमिक विद्यालय मुंगवार पर हुआ। विद्यालय में सर्वप्रथम साफ-सफाई के बाद प्रार्थना, राष्ट्रगान एवं प्रेरणा गीत को करवाया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ राकेश सिंह के द्वारा चलाया गया कार्यक्रम हर दिन सीखना तहत बच्चों को विभिन्न गतिविधियां कराई गई एवं बच्चों का स्वास्थ्य उत्तम हो जिसके लिए योगाभ्यास पर आधारित गतिविधि भी कराई गई। बच्चों को सामूहिक रूप से बिठाकर गिनती, पहाड़ा, जनरल नॉलेज इत्यादि कार्यक्रमों को कराया गया।

कक्षा -कक्ष में बच्चों का अध्यापकों द्वारा स्वागत किया गया। कहानी कविता के माध्यम से



गतिविधि आधारित शिक्षण कार्य को किया गया। एआरपी मैम के द्वारा शिक्षक डायरी ,प्रेरणा तालिका, प्रेरणा लक्ष्य पर विशेष ध्यान दिया गया।

विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चे जो अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन जिलों के नाम ,मंडल के नाम, राज्य राजधानियां, सौर मंडल में ग्रहों के नाम, वन्य जीव अभ्यारण, महाद्वीप के नाम सुना कर मैम को मंत्रमुग्ध कर दिया उन बच्चों को मैम के द्वारा पुरस्कार राशि भी प्रोत्साहन स्वरूप प्रदान की गई। जिससे समस्त विद्यालय परिवार एवं बच्चे अति प्रसन्न हुए। विद्यालय परिवार ने उनका हार्दिक आभार व्यक्त किया । प्राथमिक विद्यालय मुंगवार के शिक्षकों की मेहनत को सराहा एवं वहाँ की खास शिक्षिका ममता पटेल द्वारा रोचक गतिविधियाँ, टीएलएम एवं नए नए नवाचार के कारण विद्यालय नाम पूरे प्रदेश तक ले जाने के लिए उनकी विशेष सराहना की। इस अवसर पर वहां पर विद्यालय के समस्त स्टाफ ममता पटेल, राजकुमार, मीना कुमारी ,प्रेमनाथ, उषा देवी, रसोईया कल्लू पाल, उषा यादव उपस्थित रहे।

## केंद्र-राज्य की भाजपा सरकार देश में बढ़ रही महंगाई के लिए जिम्मेदार है : कांग्रेस जिलाध्यक्ष

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। देश-प्रदेश में बेतहाशा बढ़ रही महंगाई और पेट्रोलियम पदार्थों की बेलगाम मूल्यवृद्धि को देखते हुए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी की अध्यक्ष सोनिया गांधी के आह्वान पर पूरे देश और प्रदेश के साथ गाजीपुर जिला कांग्रेस पार्टी ने बेलगाम महंगाई और बढ़ते पेट्रोलियम पदार्थों के मूल्य वृद्धि को रोकने में नाकाम बीजेपी सरकार के खिलाफ धरना, प्रदर्शन कर शनिवार को महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी माध्यम से सौंपा। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुनील राम ने बताया कि केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार देश में बढ़ रही महंगाई के लिए जिम्मेदार है, शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर महंगाई और वर्तमान बीजेपी सरकार की नीतियों के विरोध में ज्ञापन जिला प्रशासन के प्रतिनिधि नायब तहसीलदार को सौंपा गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रदेश प्रदेश सचिव डॉक्टर जनक कुशवाहा, पूर्व प्रदेश सचिव



रविकांत राय, कार्यवाहक जिला अध्यक्ष लाल साहब यादव, अजय कुमार श्रीवास्तव, राजेश गुप्ता, राम नगीना पांडे, माधव कृष्ण, चंद्रिका सिंह, संदीप विश्वकर्मा, महबूब निशा, सतीश उपाध्याय, विद्याधर पाण्डेय, अखिलेश यादव, अवधेश भारती, कमलेश्वर प्रसाद, राकेश राय, विभूति राम, शेषनाथ दुबे, ज्ञान प्रकाश सिंह, सतिराम सिंह आदि लोग ने भाग लिया।

## संक्षिप्त खबरें

### अनंत आस्था का केंद्र है डोभी की माँ काली



प्रखर चंदवक जौनपुर। डोभी की चर्चित जाज्ञता हरदासीपुर गांव स्थित "माँ काली" मंदिर अनंत आस्था का केंद्र है।सैकड़ो साल प्राचीन मंदिर की विशेषता है कि यहां शारदीय नवरात्र ,बासंतिक नवरात्र में तो प्रायः भारी भीड़ तो होना ही है और श्रावण मास में रोज मेला लगता है ।और मनौती पूर्ण हेतु स्थान पर ही बना कर हलवा पूड़ी चढ़ाने की परंपरा होने के अलावा मुंडन संस्कार के लिए दूर दूर से लोग आते है।उक्त प्राचीन मंदिर की स्थापना कब की है गांव के बुजुर्गों में किसी को पता नहीं लेकिन जीर्णोद्धार कर आठ साल पूर्व क्षेत्रवासियों के सहयोग से भव्य मंदिर बन कर तैयार हुआ जो अपने आप में एक मिसाल है।

### हजरत साबिर अहमद के आस्ताने पर उमड़े जायरीन पंहुचे विधायक



प्रखर चंदवक जौनपुर। क्षेत्र के हरिहरपुर गांव स्थित हजरत साबिर अहमद बाबा रहमतुल्ला अलैह के रौजा ए आस्ताने पर उनके उर्स के मौके पर डोभी क्षेत्र समेत अन्य जनपदों के जायरीनो की भीड़ उमड़ी और लोगो ने चादर चढ़ाकर अपनी मन्नते मांगी।देर शाम क्षेत्रीय विधायक तूफानी सरोज भी पहुँच कर बाबा के मजार पर मत्था टेक दुवाएं मांगी। दोपहर बाद नमाज फजर कुरआन खानी का आयोजन किया गया एवं नमाजे मगरीब के बाद जायरीनों के लिए लंगर जारी किया गया देर रात कव्वाली की महफिल बाबा की शान में चलती रही। जायरीन फैज से मालामाल होते रहे। मुजावर एवं हाफिज असफाक,व्यवस्थापक मोहम्मद शमीम, मटरू भाई, वकील, जलालु,मोहम्मद नसीम, हैदर,इरफान, नसीम,महेंद्र प्रजापति,घनश्याम सिंह,आदि लोगो ने उर्स मनाया।

### एस एस संस्थान में 12 से 18 वर्ष तक के विद्यार्थियों को कोरोना टीका लगा



प्रखर गाजीपुर। मरदह क्षेत्र के फेफरा ग्राम में स्तिथ एस एस संस्थान में में 12 से 14 वर्ष तक और 15 से 18 वर्ष तक के विद्यार्थियों को कोरोना टीका लगाने के लिए शुक्रवार को विशेष टीकाकरण सत्र का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल सिंह ने विद्यार्थियों को कोरोना वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि कोविड-19 से बचाव में टीकाकरण को ही प्रमुख हथियार माना गया है। इस अवसर पर , प्रियंका सिंह , अमित यादव , महेश शर्मा सपना यादव , सन्ध्या सिंह , दीपचंद्र , दीपक , इत्यादि अध्यापक मौजूद रहें ।

### सीएम योगी ने पिंडरा ब्लॉक की युवा महिला ग्राम प्रधान से की बात, पूछा कुशलक्षेम



प्रखर पिंडरा वाराणसी। उत्तर प्रदेश के दोबारा बने सीएम योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को दोपहर में पिंडरा ब्लॉक की सबसे युवा ग्राम प्रधान मेनिका पाठक से बात कर विकास योजनाओं के बाबत जानकारी लेने के साथ भाजपा प्रत्याशी को जिताने के लिए धन्यवाद भी दिया। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ दोपहर एक बजे पिंडरा ब्लॉक ओदार गांव की ग्राम प्रधान से वीडियो कॉलिंग के जरिये बात की। बात की शुरूआत विकास योजनाओं के गति और ठीकठाक चलने के बाबत पूछा। जिसपर ग्राम प्रधान द्वारा सभी योजनाओं के गांव तक पहुचने और सुचारू रूप से चलने की बात कही और आभार जताया। सीएम ने कहाकि यह काशी के लोगों के यह भाग्य की बात है कि देश के पीएम का आशीर्वाद और मार्गदर्शन मिल रहा है। जिससे विकास के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। अंत मे उन्होंने पिंडरा विस क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी डॉ अवधेश सिंह को जिताने पर पिंडरा के जनता को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहाकि काशी में विकास के नितप्रतिदिन नए आयाम स्थापित होंगे। सीएम से वीडियो कॉलिंग के जरिये बात करने वाली जनपद की पहली ग्राम प्रधान है। यही नही मेनिका पाठक ब्लॉक की सबसे कम उम्र (23 वर्ष) की ग्राम प्रधान है। समाजसेवी व एनजीओ प्रकोष्ठ के काशी क्षेत्र के संयोजक विपिन पाठक की बहू है।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं